आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820



हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 121 | हापुड़, शनिवार 16 नवम्बर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06


## मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता की प्रेरणा का स्त्रोत है जनजातीय समुदाय - मुख्यमंत्री योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 卐जनजातीय गौरव दिवस卐 पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ स्लोवाकिया और वियतनाम के भी कलाकार शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता की प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि यह समुदाय मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब देश पर विदेशी सत्ता का शिकंजा था, तब भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को देश भर में सम्मान देने का महत्वपूर्ण कदम है। सीएम योगी ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए जनजातीय समुदाय के लोग अपनी कला और परंपरा को प्रस्तुत करेंगे। यह महोत्सव जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास, संस्कृति और उनके संरक्षण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में अपनी सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद उन्होंने जनजातीय समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी, क्योंकि पिछली सरकारों में यह समाज विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित था। सीएम योगी ने जनजातीय समुदाय को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा, थारू, कोल, चेरु, गोंड, बुक्सा जैसे जनजातीय समुदायों के लिए सैचुरेशन योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद तक सरकारी लाभ पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय को प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन, महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन जैसी योजनाओं से आच्छादित किया गया है। सीएम योगी ने जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय की कला, परंपरा और उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बलरामपुर में थारू जनजाति की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य म्यूजियम बनाया गया है, जिसका उन्होंने स्वयं दौरा किया है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सोनभद्र और बिजनौर के बुक्सा जनजाति वाले क्षेत्रों में भी म्यूजियम बनाए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए उनकी शिक्षा के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वीर एकलव्य के नाम पर विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना की जा रही है, ताकि जनजातीय समाज के बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिले। साथ ही आश्रम पद्धति के विद्यालयों के माध्यम से भी शिक्षा का प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने जनजातीय समाज की आर्थिक समृद्धि पर भी जोर देते हुए कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से यह समाज अब तेजी से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन की योजना का लाभ समाज के हर तबके को बिना किसी भेदभाव के पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के निर्देशन में हर जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीरो प्रॉपर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनजातीय समुदाय, अनुसूचित जाति, अति पिछड़े वर्ग और अन्य जरूरतमंद लोगों तक सभी कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का अभियान जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 से 20 नवंबर तक चलने वाले इस छह दिवसीय महोत्सव में देश के 22 राज्यों के जनजातीय कलाकार भाग ले रहे हैं, वहीं स्लोवाकिया और वियतनाम के कलाकार भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन जनजातीय समुदाय को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके जीवन को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनजातीय समुदाय ने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की है। उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजातीय समुदाय का निवास है, इसमें सोनभद्र का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जा रहा है।

## आदिवासियों ने 'राजकुमार राम' को 'भगवान राम' बनाया - मोदी



जमुई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को 'राजकुमार राम' को 'भगवान राम' बनाने का श्रेय दिया वहीं देश की पूर्ववर्ती सरकारों पर आदिवासियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां बल्लोपुर गांव में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में आदिवासियों के लिए 6640 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा, 卐आदिवासी समाज वह है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए केवल एक ही दल को श्रेय दिया जाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आदिवासी समाज की मुश्किलें कम करने के लिए पीएम जन-मन योजना शुरू की। इसके तहत देश की सबसे पिछड़ी जनजातीय आबादी का विकास हो रहा है। अति पिछड़ी जनजातियों को हजारों पक्के घर दिए हैं। आदिवासी बस्तियों को जोड़ने के लिए पक्की सड़कें बनाई जा रही हैं। सैकड़ों गांवों में हर घर नल से जल पहुंचा है। उन्होंने कहा, जिनको किसी ने नहीं पूछा, मोदी उनको पूजता है।

## बिरसा मुंडा ने झारखंड की जिस माटी के लिए बलिदान दिया, वह घुसपैठियों के कारण संकट में है - शिवराज सिंह चौहान



देवघर । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने झारखंड की जिस माटी को बचाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, वो माटी आज फिर संकट में है। आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। उनकी बहन-बेटियों की अस्मिता और सम्मान के साथ खेला जा रहा है। झारखंड में हो रहा चुनाव सिर्फ सरकार बनाने-गिराने का चुनाव नहीं। इस चुनाव में झारखंड की माटी-बेटी और रोटी की सुरक्षा दांव पर लगी है। झारखंड की आध्यात्मिक नगरी बाबा बैद्यनाथ धाम की पावन धरा पर स्थित देवघर में शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने एक बयान दिया कि अगर झारखंड में कांग्रेस की सरकार बनी तो वो घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलिंडर देंगे। इससे साफ होता है कि झारखंड में घुसपैठिए हैं, घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं। एक तरफ ये लोग कहते हैं कि घुसपैठ को जबर्दस्ती मुद्दा बनाया गया है। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मीर के बयान का किसी ने खंडन नहीं किया। चौहान ने राज्य की सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि ये घुसपैठियों को बसाते हैं, उनके आधार कार्ड बनवाते हैं। झारखंड सरकार की खुफिया शाखा ने इस बाबत एक रिपोर्ट भी दी है। इस रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि वे ही घुसपैठियों को बसाते हैं। मैं झामुमो और कांग्रेस से पूछना चाहता हूं, क्या घुसपैठियों को बसाना उनको सुविधाएं देना देशद्रोह नहीं है? उन्होंने कहा कि क्या आदिवासियों की जमीन छीनने वाले घुसपैठियों के साथ झामुमो और कांग्रेस का गठबंधन है? क्या कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने वोट के बदले अवैध घुसपैठियों से कोई सौदेबाजी की है? मैं इसका जवाब चाहता हूं। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उनके प्रयासों से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था, आज आदिवासियों की माटी-बेटी और रोटी पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। संथाल के दर्जनों गांव आज जमाई टोले के नाम से जाने जाते हैं। ये कैसे बने, इन्हें कौन संरक्षण दे रहा है? झामुमो और कांग्रेस घुसपैठियों को हिम्मत भी दे रहे हैं और उनका संरक्षण भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का साफ मानना है कि भारत की धरती पर, झारखंड की धरती पर, विदेशी घुसपैठिए नहीं रहने देंगे और उन्हें चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे। कानून बनाकर आदिवासियों की जमीन वापस कराएंगे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सोच भारत विरोधी है। इसलिए कांग्रेस और झामुमो जैसे दलों से सचेत रहना है। अभी नहीं तो कभी नहीं। एनडीए गठबंधन सरकार में आएगा तो चुन-चुनकर घुसपैठियों को बाहर करेंगे।

## नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को फिर दिया भरोसा, 'हमलोग कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे'

जमुई । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एकबार फिर से भरोसा दिलाया कि हमलोग अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, साथ रहेंगे। जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार अपनी गलती स्वीकार कर रहे थे, तब मंच पर बैठे प्रधानमंत्री मोदी मुस्कुरा रहे थे। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बिहार के जमुई पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने 6,640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास का तोहफा लोगों को दिया। इस दौरान मंच पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे। नीतीश कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि हम लोग सब दिन के लिए इनके (भाजपा) साथ रहेंगे। उन्होंने कहा, बीच में गलती हुई, बीच में गलती कर दिया हम ही लोगों के यहां का कुछ लोग, गलती करवा दिया। हम लोगों ने अब तय कर लिया है कि कहीं नहीं जाएंगे। हम लोग तो अटल बिहारी वाजपेयी के साथ थे। उनकी सरकार में थे। बीच में बेमतलब का काम कर दिया। इधर-उधर कर दिया सब। अब यह संभव नहीं है। अब कभी नहीं इधर-उधर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1995 से हम लोग साथ हैं, तब से साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अब हम लोग इधर-उधर नहीं जाएंगे। पूरे तौर पर इनके साथ रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी पूरे देश का काम कर रहे हैं और बिहार के लिए भी काफी कुछ किया है। ये जहां कहीं भी जाते हैं और भी कुछ करवा देते हैं। इनका स्वागत है, अभिनंदन है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू,



एनडीए में आने से पूर्व महागठबंधन के साथ चली गई थी। फिर से एनडीए में आने के बाद नीतीश कुमार कई बार सार्वजनिक मंचों से यह कह चुके हैं कि अब उनकी पार्टी कभी महागठबंधन के साथ नहीं जाएगी।

## झारखंड के गोड्डा में फंसे राहुल गांधी, हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने से रोका गया





गोड्डा: झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर चुनाव अभियान जोरों पर है। बीजेपी-कांग्रेस समेत सभी पार्टियों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के हक में वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष शुक्रवार को गोड्डा में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार, झारखंड के गोड्डा में राहुल गांधी करीब डेढ़ घंटे से फंसे हुए हैं। हेलीकॉप्टर को एटीसी से क्लीयरेंस नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह से हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। महागामा से उड़ान भरने से रोका गया जानकारी के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर को ‌ॠष्ट से मंजूरी न मिलने के कारण महागामा से उड़ान भरने से रोक दिया गया। इसकी वजह से वह हेलीकॉप्टर में काफी देर तक बैठे रहे और उड़ान भरने का इंतजार करते रहे। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। कांग्रेस का आरोप, पीएम मोदी की रैली के कारण नहीं मिल रहा क्लीयरेंस वहीं, कांग्रेस ने राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को जान बूझकर रोकने का आरोप लगाया है। झारखंड की मंत्री और महागामा से कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को पिछले 1.30 घंटे से उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यह तानाशाही के अलावा कुछ नहीं है।

राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को इसलिए रोका गया है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवगढ़ में हैं और उनकी सभा के कारण हेलीकॉप्टर को उड़ने से रोका जा रहा है। कांग्रेस ने बीजेपी पर साधा निशाना दीपिका ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि प्रधानमंत्री देवगढ़ में हैं, राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई। प्रोटोकॉल है जिसे हम समझते हैं लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई।

यह स्वीकार्य नहीं है। राहुल गांधी न केवल एक जन नेता हैं, बल्कि उस परिवार से भी हैं, जिसके दो लोगों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उनके हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

## गंभीर श्रेणी में बरकरार दिल्ली की हवा, 409 रहा औसत एक्यूआई

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार है। शुक्रवार को यहां का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह 6=15 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 409 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 283, गुरुग्राम में 314, गाजियाबाद में 332, ग्रेटर नोएडा में 258 और नोएडा में 328 एक्यूआई दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के 25 इलाकों में एक्यूआई का स्तर 400 से 500 के बीच देखने को मिला। जिसमें आनंद विहार में 441, अशोक विहार में 440, आया नगर में 417, बवाना में 455, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 412, द्वारका सेक्टर 8 में 444, आईजीआई एयरपोर्ट में 440, जहांगीरपुरी में 458, लोधी रोड में स्टेडियम में 422 और मंदिर मार्ग में 402 एक्यूआई रहा। इनके अलावा मुंडका में 449, नजफगढ़ में 404, नरेला में 428, नेहरू नगर में 438, एनएसआईटी द्वारका में 430, फेस्टिवल 422, पटपड़गंज में 439, पंजाबी बाग में 443, पूसा में 405, आरके पुरम में 437, रोहिणी में 452, शादीपुर में 438, सिरी फोर्ट में 426,



विवेक विहार में 439, वजीरपुर में 455 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली के 14 इलाकों में एक्यूआई का स्तर 300 से ऊपर और 400 के बीच में बना हुआ है। जिसमें अलीपुर में 398, बुराड़ी क्रॉसिंग में 383, चांदनी चौक में 347, मथुरा रोड में 368, डीटीयू में 395, दिलशाद गार्डन में 369, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 374, लोधी रोड में 314, नॉर्थ कैंपस डीयू में 338, पूसा में डीपीसीसी में 381 और श्री अरविंदो मार्ग में 301 एक्यूआई रहा। बता दें कि एक दिन पहले, गुरुवार को दिल्ली में औसत एक्यूआई 430 दर्ज किया गया था। ऐसे में लगातार दो दिनों से दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में बनी हुई है, जिससे सुबह-सुबह स्मॉग देखने को मिल रहा है और दिल्ली के लोगों, जिसमें खासकर बच्चों और बूढ़ों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक्यूआई के वर्गीकरण के अनुसार 0 से 50 को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब और 301 से 400 को बहुत खराब की श्रेणी में रखा गया है।

इसके अलावा 401 से 500 को गंभीर और 450 से अधिक एक्यूआई होने पर गंभीर प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

## जाति जनगणना से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा - राहुल गांधी

रांची । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज गोड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है ।मोदी अरबपतियों की कठपुतली हैं। जैसे अरबपति चाहते हैं वो बिल्कुल वैसा करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किये हैं लेकिन किसानों के एक रुपये माफ नहीं किए। उन्होंने एक बार फिर जाति जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि जाति जनगणना से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत की आरक्षण की दीवार हम तोड़ कर रहेंगे ।हम लोकसभा में जातीय जनगणना का बिल पास करवा के रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एसटी का आरक्षण 24 प्रतिशत से बढ़ाकर 26प्रतिशत करेंगे। श्री गांधी ने कहा कि सरकार बनने के बाद हर महिला को 2500 रुपये खाते के जरिये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 450 रुपये



गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा लोगों को सरकार बनने के बाद हम 15 लाख का स्वास्थ्य बीमा देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद हर साल 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी। कहा कि नोटबंदी ने छोटे कारोबारियों को खत्म कर दिया। अडाणी और अंबानी के लिए रास्ता खोल दिया।

झारखंड में सरकार बनने के बाद हर जिले में डिग्री कॉलेज और प्रोफेश्नल कोर्स के कॉलेज खोले जाएंगे।

# संपादकीय

## बदलते मौसम में वायरल रोगों से बचना है तो करें ये योगासन

बदलते मौसम में वायरल इंफेक्शन और वायरल रोगों का खतरा बढ़ जाता है। सर्दी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द जैसी परेशानियां इस दौरान आम होती हैं। इससे बचाव के लिए आप साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं और खान-पीने का ध्यान रखते हैं। इन बीमारियों का खतरा उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका इम्यून सिस्टम यानी प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होता है। इसलिए, अगर आप ऐसे योगासनों का अभ्यास करते हैं, जिनसे आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तो आप इन वायरल रोगों और संक्रमण से बच सकते हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसे ही योगासन, जो आपकी इम्यूनिटी बेहतर करते हैं।

सर्वांगासन-सर्वांगासन की खास बात ये है कि इसे करने से आपके शरीर के सभी अंगों को फायदा मिलता है, इसी लिए इसका नाम सर्वांगासन है। इस आसन के नियमित अभ्यास आपकी इम्यूनिटी बढ़ाता है और आपको रोगों से दूर रखता है। बच्चों और युवाओं के लिए भी ये आसन बहुत फायदेमंद है क्योंकि इससे शरीर का विकास बेहतर होता है और हार्मोन्स का बैलेंस बना रहता है। इसके अलावा इससे आपकी पाचन शक्ति ठीक रहती है और रक्त का शुद्धिकरण होता है। कैसे करें सर्वांगासन-पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों को एक साथ मिला लें और हाथों को शरीर की सीध में रखें। अब धीरे से पैरों को बिना मोडे ऊपर की तरफ उठाएं। जैसे-जैसे पैर ऊपर की तरफ उठाएंगे, वैसे-वैसे कमर को भी ऊपर की तरफ उठाएं। कोशिश करें कि पैर और पीठ इतने ऊपर उठ जाएं कि 90 डिग्री का कोण बन जाए। फिर धीरे-धीरे पहले की मुद्रा में आ जाएं। आप पीठ और कमर को उठाने के लिए हाथों का सहारा ले सकते हैं लेकिन कोहनियां जमीन से ही टिकी होनी चाहिए और चेहरा आसमान की ओर रहना चाहिए

मत्स्यासन- मत्स्यासन का अभ्यास भी आपको वायरल रोगों और इंफेक्शन से दूर रखता है। मत्स्यासन पेट और रीढ़ की हड्डी संबंधित सभी रोगों में बहुत फायदेमंद आसन माना जाता है। इसके नियमित अभ्यास से आपके फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। इसके साथ ही आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, जिसके कारण हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस आपको आसानी से बीमार नहीं बना पाते हैं। साथ ही यह आसन मेटाबॉलिज्म के लिए अच्छा माना जाता है। कैसे करें मत्स्यासन-स्वच्छ वातावरण में समतल जमीन पर आसन बिछाकर सुखासन में बैठ जाएं। कुछ देर सांस को सामान्य करने के बाद पद्मासन लगा लें। हाथों का सहारा लेकर पीठ को पीछे की ओर धीरे-धीरे लाते हुए पीठ के बल लेट जाएं। पैरों के अंगूठों को पकड़कर उन्हें थोड़ा अपनी तरफ लाएं और पद्मासन को ठीक करते हुए घुटनों को जमीन पर अच्छी तरह से टिका दें। सांस भरें और पीठ, कंधों को ऊपर उठा गर्दन को पीछे की तरफ ले जाएं। सिर के भाग को जमीन पर टिका दें। पैरों के अंगूठों को पकड़ लें और सांस को सामान्य रखते हुए यथाशक्ति रोकने के बाद पद्मासन खोल लें। कुछ देर शवासन में लेटने के बाद पूर्व स्थिति में आ जाएं।

नाड़ी शोधन

प्राणायाम- नाड़ी शोधन प्राणायाम पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है। जैसा कि इसका नाम है, ये प्राणायाम नाड़ी का शोधन करता है। इस आसन के अभ्यास से रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है और वायरल संक्रमण या रोगों के विषाणु आप पर असर नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा ये प्राणायाम मन को शांत और केंद्रित करता है। ये प्राणायाम श्वसन प्रणाली व रक्त-प्रवाह तंत्र से सम्बंधित समस्याओं से मुक्ति देता है। कैसे करें नाड़ी शोधन प्राणायाम- सबसे पहले किसी भी सुखासन में बैठकर कमर को सीधा करें और आंखें बंद कर लें। दाएं हाथ के अंगूठे से दायीं नासिका बंद कर पूरी श्वास बाहर निकालें। अब बायीं नासिका से श्वास भरें और तीसरी अंगुली से बायीं नासिका को भी बंद कर लें। जितनी देर स्वाभाविक स्थिति में रोक सकते हैं, रोकें। फिर दायां अंगूठा हटाकर श्वास को धीरे-धीरे बाहर छोड़ें। फिर दायीं नासिका से गर्दन उठाकर श्वास को रोकें, फिर बायीं से धीरे से निकाल दें।

## इन्तज़ार ( लघु कथा )

रात गहराती जा रही थी। मेरा मन बहुत घबरा रहा था। मेरी बेटी शाम 4 बजे से यह कहकर गई थी कि वो 2-2) घंटे में वापस आ जायेगी। मैंने उसे अनगिनत फोन कर डाले। फोन मिलने का नाम ही नहीं ले रहा था। आखिर माथे पर हाथ रखकर, थक हार कर, एक पिटे ज्वारी की तरह मैं अपने कमरे में बैठ गई। पर मनगढ़ंत प्रश्नों-उत्तरों का सिलसिला मुझे बार-बार झकझोर रहा था। एक पल भी मुझे एक बरस की तरह लग रहा था। ज़माना कितना खराब है? लड़की की जात, ऊपर से सर्दियों के दिन, ये दिल्ली जैसा शहर और अकेली लड़की। बेचैनी बढ़ती जा रही थी कि दरवाजे पर घंटी बजी। मैं बिजली की तरह दरवाज़े की ओर लपकी। दरवाज़ा खोला कि सामने मेरी बेटी हाथ में फूल का गुलदस्ता व कुछ पैकेट, मुस्कान होठों पर लिये खड़ी थी। उसको मुस्कुराता देख मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। मैंने एक जोरदार थप्पड़ उसके मुंह पर मार दिया व लगी बोलने। वह अवाक सी खड़ी सुनती रही। उसकी आँखों से आँसू बहने लगे, पर मैं अपनी पूरी बात कह कर ही चुप हुई। उसने फिर भी मुझे बाँहों में भरा और कहा, ''माँ, तू इतनी परेशान हुई, इसके लिए मुझे माफ़ कर दे। पर सुन, आज जब मैं गई तो रास्ते में मेरा फोन किसी ने निकाल लिया और तू कल वापस जा रही है। तुझे पता है, मुझे आज पहली पगार मिली थी, मैं तेरे लिये ये तोहफा लेने गई थी, मुझे देर हो गई, तो मैंने अपनी सहेली को बुला लिया, जो अभी दरवाज़े के बाहर ही खड़ी है। माँ, चुप हो जा, शाँत हो जा और देख, खोल इस पैकेट को, कैसा लगा तुझे।'' इतने में उसकी सहेली भी अन्दर आ गई, बोली, आँटी, ''इसे कुछ पसंद ही नहीं आ रहा था, बार-बार कह रही थी, अम्मा को ऐसी चीज़ दूँगी कि वो खुश हो जायें।'' मैंने उन दोनों को गले लगा लिया और ताकने लगी शून्य में।

## 16 नवंबर 2024 का पंचांग






सूर्योदय- 06.45 प्रात-
सूर्यास्त- 05.37 सायं
सूर्य राशि- प्रात 07.33 उपरांत वृश्चिक में।
चंद्र उदय- 5.58 दोपहर
चंद्र अस्त- 8.08 प्रात-
चंद्रमा- वृषभ राशि मे।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना कार्तिक 15 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-01, पक्ष-कृष्ण पक्ष 01,
तिथि-प्रतिपदा रात्रि 11.50 तक बाद में द्वितीया, नक्षत्र- कृतिका सायं- 07.28 तक बाद में रोहिणी,
योग-परिघ रात्रि 11.47 तक बाद में शिव, करण-बालव दोपहर 01.22 तक बाद में कौलव रात्रि 11.50 तक बाद में तैतिल, राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त- 11.49 से 12.33 तक
दुमुहूर्त प्रात- 08.12 से 08.56 तक
अमृत काल- सायं- 05.18 से 06.45 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.09 से 05.57 तक।

## आज 16 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- सरकारी क्षेत्र से जुड़ा कार्य करते है तो आमदनी होगी, कोर्ट केस में विजय सम्भव है, ह्रदय रोग की सर्जरी कराकर जीवन बचेगा।
भाग्य प्रतिशत-77

वृषभ- वैवाहिक जीवन में खिंचाव बढ़ेगा, शेयर में निवेश से नुकसान हो सकता है, धन उधार देने से भी बचें, क्रिएटिव कार्य से लाभ अवश्य होगा।
भाग्य प्रतिशत-52

मिथुन- तलाक का केस निपट जाएगा, डिजिटल मार्केटिंग, तकनीकी, मोबाइल शॉप, फोटोग्राफर, फोटो स्टेट कार्य में सफ़लता मिलेगी, महिला से धन मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-68

कर्क- स्वयं को किसी फेज के लिए तैयार करेंगे, नेवी, फिल्म,साहित्य, ज्योतिष, कथा वाचन कार्य में सफलता मिलेगी, दूर देश की यात्रा कर सकते है, उत्कर्ष का समय है।
भाग्य प्रतिशत-80

सिंह- यश बढ़ेगा, सामाजिक कार्य से पहचान बढ़ेगी, प्रसूति चिकित्सक है तो डिलिवरी में व्यस्तता रहेगी, ट्रैवल कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-67

कन्या- मीडिया के छात्र है तो अच्छा प्लेसमेंट मिलेगा, खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन सुधरेगा, ऑनलाइन कार्य करेंगे, लोकप्रियता बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-79

तुला-भागदौड़ बढ़ेगी, प्रेम सम्बंध में आगे बढ़ेंगे, प्रोमोशन कार्य, विज्ञापन, ई कॉमर्स, टेक्सटाइल उद्योग में सफ़लता मिलेगी, उलझन से बचें।
भाग्य प्रतिशत-77

वृश्चिक- नॉवेल, स्क्रिप्ट राइटिंग कार्य में सफलता मिलेगी, मित्रों से मुलाकात होगी, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में उन्नति करेंगे, नीति कामयाब होगी।
भाग्य प्रतिशत-78

धनु-आनंदित रहेंगे, खर्चे बढ़ेंगे लेकिन खुशी भी मिलेगी, घर में अतिथि आयेंगे, रिसर्च क्षेत्र में प्रगति करेंगे, पढ़ाई पर ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-60

मकर- सोशल सर्किल बढ़ेगा, विदेश में जॉब मिलने का योग है, कानून के क्षेत्र में जा सकते है, सोच समझकर फैसले ले।
भाग्य प्रतिशत-62

कुम्भ- कानूनी मसले थमेंगे, माफी मांग ले तो बेहतर रहेगा, प्रेम विवाह का काम उठाने से पहले विचार करे, मीडिया, रेडियो, एचआर में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-58

मीन- संतान की ओर से खुश रहेंगे, अपने में सीमित रहेंगे, व्यवसाय में उन्नति करेंगे, दलाली, होटल, रेस्टोरेंट, मल्टीप्लेक्स में दुकान कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-78

## पुष्पा 2 - द रूल का ट्रेलर 17 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में होगा लॉन्च



मुंबई । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फ़िल्म पुष्पा 2- द रूल का ट्रेलर 17 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में लॉन्च होगा। 17 नवंबर को पुष्पा 2- द रूल का मच अवेटेड ट्रेलर लॉन्च होगा। ये ग्रैंड इवेंट गांधी मैदान में गंगा किनारे शाम 5 बजे से शुरू होगा और इसे एक शानदार आयोजन के रूप में देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्शन, ड्रामा, और स्टार पावर का बेहतरीन तालमेल होगा, और यह फैंस को पुष्पा 2 की अगली कड़ी का पहला नजारा देगा। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा करते हुए, माइथ्री मूवी मेकर्स ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट की तारीख और समय के साथ फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है, गंगा तट पर सबसे बड़े इवेंट के लिए तैयार हो जाइए 3 दिन बाकी हैं 17 नवंबर को गांधी मैदान, पटना में शाम 5 बजे से ग्रैंड सपुष्पा 2स्त्ररूल ट्रेलर लॉन्च इवेंट होगा卐 पुष्पा 2ᷓ द रूल, सुकुमार द्वारा निर्देशित और अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल द्वारा स्टारर है। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार ने किया है और म्यूजिक टी सीरीज ने दिया है। यह फिल्म 05 दिसंबर को रिलीज होगी।

## दिलजीत दोसांझ ने हैदाराबाद के गुरुद्वारे में टेका मत्था, गुरुपर्व की दी सबको बधाई



मुंबई । पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ निजामों के शहर हैदराबाद स्थित एक गुरुद्वारे पहुंचे। फिर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सबको गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। अपने शो के सिलसिले में दोसांझ तेलंगाना में हैं। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वह गुरुद्वारे में मत्था टेकते, कड़ा प्रसाद खाते और गुरुद्वारे के बाहर इंतजार करते प्रशंसकों संग पोज देते देखे जा सकते हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, गुरुपर्व दीयां सरेयां नु वधाइयां हर साल दी तरन एस वार वी बाबा जी ने वी बौत किरपा किती (गुरु पर्व पर सभी को शुभकामनाएं.. इस बार भी बाबा ने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया है)। बता दें कि दिलजीत अपने दिल-लुमिनाती इंडियन टूर के लिए हैदराबाद में परफॉर्म करने के लिए पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने अबू धाबी में धूम मचाई थी। जहां उनके परफॉर्म करने से पहले वो पंजाबी आ गए अबू धाबी कहते सुने गए थे। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर अपने अबू धाबी के इस प्रोग्राम की एक झलक शेयर की थी। उन्होंने वीडियो को कैप्शन दिया-मरहबा अबू धाबी। उन्होंने कहा,पंजाबी आ गए अबू धाबी और फिर 1992 की फिल्म खुदा गवाह से कविता कृष्णमूर्ति और मोहम्मद अजीज द्वारा गाया गया गाना तू मुझे कबूल गाया था। खुदा गवाह मुकुल एस आनंद द्वारा निर्देशित 1992 की एक फिल्म है। इसमें अमिताभ बच्चन, श्रीदेवी दोहरी भूमिका में हैं, नागार्जुन, शिल्पा शिरोडकर, डैनी डेन्जोंगपा, किरण कुमार प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म का अहम किरदार बादशाह खान अफगानिस्तान से भारत की यात्रा करता है और बेनजीर के पिता के हत्यारे को ढूंढता है ताकि वह उसे प्रभावित कर सके। वह सफल तो होता है लेकिन जल्द ही खुद को अन्य आपराधिक मामलों में घिरा पाता है और एक भारतीय जेल में कैद हो जाता है। दिलजीत की बात करें तो 4 नवंबर को वो जयपुर में थे। दिलजीत को एयरपोर्ट पर लाल पगड़ी और काले रंग की स्वेटशर्ट पहने देखा गया, जिस पर लाल रंग से जयपुर लिखा हुआ था। इस पर उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा था, मुझे जयपुर से बहुत प्यार मिला है। मैं इस प्यार को कभी नहीं भूल पाऊंगा।

## जसलीन रॉयल का म्यूजिक वीडियो साहिबा रिलीज



मुंबई। हीरिए फेम जसलीन रॉयल का बहुप्रतीक्षित गाना साहिबा रिलीज़ हो गया है। म्यूजिक वीडियो साहिबा में विजय देवरकोंडा और राधिका मदान नजर आ रहे हैं, जिनकी शानदार केमिस्ट्री इसे और खास बनाती है। जसलीन ने कहा,यह मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, और विजय और राधिका के साथ काम करना अविश्वसनीय अनुभव था। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री गजब की है, और उन्होंने किरदारों को बखूबी जीवंत कर दिया। वीडियो में विजय देवरकोंडा एक फोटोग्राफर की भूमिका में हैं, जबकि राधिका मदान एक अमीर घराने परिवार से ताल्लुक रखती हैं। दोनों की अद्भुत परफॉर्मेंस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को जीवंत बनाती है। यह अनोखी प्रेम कहानी, जो हर सीन को एक पेंटिंग जैसा बना देती है, दर्शकों के दिलों को छू लेगी। इसे और खास बनाते हुए, वीडियो में हीरिए गाने से मशहूर हुए दुलकर सलमान और जसलीन रॉयल भी नजर आ रहे हैं। राधिका ने कहा,साहिबा पर काम करना एक जादुई अनुभव था। सब कुछ बेहद खूबसूरत तरीके से बनाया गया है। विजय कहते हैं, जसलीन और टीम के साथ काम करना खुशी की बात है। यह वीडियो दर्शकों को भावुक कर देगा। स्टेबिन बेन ने कहा,जसलीन के साथ काम करना बहुत खास अनुभव था। उनका संगीत सच्चे दिल से आता है।सुधांशु सारिया द्वारा निर्देशित और जसलीन रॉयल द्वारा निर्मित, साहिबा एक खूबसूरत कहानी और शानदार संगीत का मेल है। सुधांशु ने कहा,हमने इसे एक ऐसा अनुभव बनाया है, जो संगीत और सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का दिखेगा अलग अंदाज, टीजर दमदार

मुंबई । अपनी अपकमिंग फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज की तैयारी में जुटे अभिनेता वरुण धवन ने एक्शन से भरपूर अपने पुलिस अवतार की एक नई झलक अपने फैंस के साथ शेयर की है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वो एक्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह पहली बार है जब वरुण पूरी तरह से एक्शन अवतार में देखा जा सकता है। यह भूमिका अभिनेता के पहले निभाए गए किरदारों से बिल्कुशल अलग है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मेरे जैसे कई लोग होंगे लेकिन मैं पहली बार आया हूं। 'बेबी जॉन' (हैशटैग) की शुरुआत इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया, जिसे सोशल मीडिया पर 'टेस्टर कट' कहा जाता है। टीजर वीडियो सिनेमाघरों में सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के साथ चलाया गया था। टीजर दमदार है। देखकर पता चलता है कि फिल्म में एक्शन और इमोशन का जबरदस्त तड़का लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक वरुण एक पुलिस वाले और एक अकेले पिता की भूमिका निभा रहे हैं। टीजर में वो दमदार संवाद बोलते नजर आ रहे हैं। एक सीन में वे कहते हैं, मेरे जैसे बहुत आए होंगे, मैं पहली बार आया हूं। टीजर में तमिल अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की झलक भर दिखी। वो वरुण के अपोजिट हैं। अभिनेता जैकी श्रॉफ खतरनाक खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, राजपाल यादव और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'बेबी जॉन' इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। एटली और सिने1 स्टूडियो के सहयोग से जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, बेबी जॉन का निर्माण ए फॉर एप्पल स्टूडियो और सिने1 स्टूडियो द्वारा किया गया है। कलीस द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 दिसंबर को स्क्रीन पर आएगी। वरुण के पास सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी के साथ एक आगामी बॉर्डर 2 भी है। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को रिलीज होने वाली है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम थाईलैंड को 13-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में



राजगीर । भारतीय हॉकी टीम ने गुरुवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने तीसरे मैच में थाईलैंड के खिलाफ 13-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। टूर्नामेंट में यह भारत लगातार तीसरी जीत हैं। आज यहां बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए फॉरवर्ड दीपिका (तीसरे और 19वें, 43वें, 45वें और 45+ मिनट में), प्रीति दुबे (9वें और 40वें मिनट में), लालरेम्सियामी (12वें और 56वें मिनट में), ब्यूटी डुंग डुंग (30वें और 53वें मिनट में) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें मिनट में) ने गोल किए। भारतीय महिला टीम ने पहले क्वार्टर की शानदार शुरुआत की और थाईलैंड पर तीन गोल के साथ अपना दबदबा कायम किया। गेम शुरू होने के तीसरे मिनट में ही दीपिका ने शानदार फील्ड गोल्ड के साथ भारत का खाता खोला। इसके बाद प्रीति दुबे ने नौवें मिनट में एक और फील्ड गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लालरेम्सियामी ने भी 12वें मिनट में फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। वहीं, थाईलैंड की टीम एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। दूसरा क्वार्टर भी भारतीय टीम के नाम रहा और भारत ने दो गोल दागकर स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने इस क्वार्टर में गोल करने का पहला मौका गंवा दिया। लेकिन इसके बाद दीपिका ने 19वें मिनट में फील्ड गोल कर थाईलैंड की मैच में वापसी करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। थाईलैंड की रक्षापंक्ति भारत के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं पाया और भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। ब्यूटी डुंग डुंग ने पहला हाफ खत्म होने के आखिरी मिनट पर पीसी को गोल में तब्दील किया। पहले हाफ की समाप्ति तक भारत ने 5-0 की बढ़त को बनाए रखा। दूसरे हाफ में भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए भारत ने थाईलैंड पर दबदबा बनाये रखा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने चार गोल दागे और स्कोर 9-0 कर दिया। इसी के साथ थाईलैंड की टीम इस टूर्नामेंट में काफी पीछे रह गई। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत प्रीति दुबे ने 40वें मिनट में फील्ड गोल के साथ की। इसके बाद दीपिका ने लगातार तीन गोल किए। दीपिका ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और एक फील्ड गोल किया। वहीं, थाईलैंड की टीम गोल करने के लिए संघर्ष कर रही थी। चौथे क्वार्टर में भारत का स्कोर 13-0 रहा। भारत के लिए ब्यूटी ने गोलकीपर को चकमा देते हुए 53वें मिनट में फील्ड गोल किया। इसके बाद मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और मैच का समापन मनीषा के फील्ड गोल से हुआ। भारत अगले मैच में शनिवार चीन से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में अभी तक अपने सभी मैच जीते है। भारत अंक तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन के भी इतने ही अंक है लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह तालिका में शीर्ष पर है। आज के मुकाबले में खेलने के साथ ही लालरेमसियामी ने 150 मैच तथा प्रीति दुबे 50 मैच पूरे किये।

## अक्षय कुमार, करीना कपूर और रकुल प्रीत ने फैंस को दी गुरुपर्व की शुभकामनाएं



मुंबई । गुरुपर्व के मौके पर अक्षय कुमार, करीना कपूर, रकुल प्रीत सिंह और दिलजीत दोसांझ सहित कई हस्तियों ने अपने फैंस को शुभकामनाएं दीं। अपने प्रशंसकों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए बेबो ने एक फोटो शेयर की, जिसका कैप्शन था, हैप्पी गुरु नानक जयंती। उन्होंने पोस्ट में म्यूनजिक भी ऐड किया है। अक्षय कुमार ने भी प्रशंसकों को इस खास अवसर पर शुभकामनाएं भेजी। रकुल प्रीत ने अपने और पति जैकी भगनानी की तस्वीरों वाला एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, सतगुर नानक परगटिया, मिट्टी धुंध जग चानन होया, धन धन गुरु नानक देव जी महाराज दे प्रकाश पर्व दी आप सरियां संगतां नू लाख लाख वधाइयां। वीडियो में वह प्रशंसकों को शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। दूसरी ओर, गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने गुरुपर्व पर गुरुद्वारे का दौरा किया। उन्होंने वहां प्रार्थना करते हुए और कड़ा प्रसाद लेते हुए अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्हें गुरुद्वारे के बाहर उनका इंतजार कर रहे प्रशंसकों के साथ तस्वीरें खिंचवाते भी देखा गया। कैप्शन में उन्होंने लिखा-गुरपूरब दीयां सरेयां नू वधाइयां हर साल दी तरां इस वार वी बाबा जी ने वी बहुत किरपा कितीज्अभिनेत्री निमरत कौर ने गुरपूरब पर अपने परिवार की परंपरा का सम्मान किया। 'एयरलिफ्ट' अभिनेत्री ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्हें कड़ा प्रसाद बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में, निमरत ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी मां से हलवा बनाने की कला सीखी है। क्लिप में कौर ने कहा, घर वह होता है जहां हलवा होता है। हर गुरपूरब पर, मैं घर पर हलवा बनाती हूं, जिसे गुरुद्वारे में कड़ा प्रसाद कहा जाता है।
मेरे नानू कई सालों तक गुरुद्वारे में हलवा बनाते थे। इसलिए, मेरी मां ने उनसे सीखा, और मैंने अपनी मां से सीखा।
तो, चलिए इसे शुरू करते हैं। मैं चाशनी बनाने से शुरुआत करूंगी।

## लगातार 7 वें दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज लगातार 7वें दिन गिरावट आई है। आज सोना 1,100 रुपये से लेकर 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 1,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76 हजार रुपये के स्तर से नीचे गिर कर 75,790 रुपये से लेकर 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70 हजार के स्तर से नीचे लुढ़क कर 69,490 रुपये से लेकर 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 89,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 69,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।
देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में बड़ी गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# अज्ञात मृतकों की आत्मशान्ति हेतु राष्ट्र चेतना मिशन ने किया दीप दान





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

अनूपशहर। सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा विगत वर्ष में किये गए सैकड़ों अज्ञात/ लावारिस मृतकों की आत्म शान्ति हेतु गंगा घाट पर दीप दान कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने बताया कि पूरे जिले में अज्ञात व लावारिस अवस्था मे मिलने वाले शवों की शिनाख्त नहीं हो पाने पर पुलिस की सूचना के आधार पर संस्था के कार्यकर्ता ही उनका विधिवत अन्तिम संस्कार करते हैं। इसके उपरांत प्रतिमाह सभी का गंगा में अस्थि विसर्जन एवं कार्तिक पूर्णिमा पर हर साल उनकी पुण्य स्मृति में दीप दान कार्यक्रम किया जाता है। इसी प्रकार इस वर्ष भी अनूपशहर के गंगा घाट पर एकत्रित हुए राष्ट्र चेतना मिशन के पदाधिकारियों ने श्री रामचरित मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पुरोहित सौरभ गौड़ के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 251 दीप जलाकर गंगा में प्रवाहित किये। सभी ने ऐसे अज्ञात मृतकों की आत्म शान्ति के लिए हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस पुण्य कार्य में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, सौरभ गौड़ डॉ. एस कुमार, अखण्ड प्रताप सिंह, देवेश शर्मा, उमा शंकर, पुनीत कुमार माहुर, गिरधर चौधरी, अरुण राजपूत, हेमन्त कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# पी. डी. ए. की जीत मे पिछड़ा समाज की अहम भूमिका - इंजी. विजेश विश्वकर्मा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

मुजफ्फरनगर । मीरापुर - समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबंधन मीरापुर 16 विधानसभा के उप चुनाव मे समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के नेताओं द्वारा क्षेत्र मे 16 नवंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की काकरौली मे जनसभा के लिए जनसंपर्क इंजी. विजेश विश्वकर्मा ( प्रदेश उपाध्यक्ष ) रविन्द्र प्रधान जोगी (प्रभारी /प्रदेश सचिव )एंव राशिद मलिक ( चुनाव प्रभारी ) ने पिछड़ा समाज के मध्य जाकर किया,विश्वकर्मा, पांचाल, धीमान समाज के बाहुल्य गांव बहेड़ा सादात, गंगदासपुर, मुस्ताक मीरापुर, कबूलपुरा, आदि मे जाकर प्रत्याशी सुम्बुल राणा को जिताने की अपील कर इंजी. विजेश विश्वकर्मा ने कहा की समाजवादी पार्टी गठबंधन के साथ 9 की 9 विधानसभा उप चुनाव मे पी. डी. ए. की ताकत से जीत रही है, जिसमे पिछड़ा समाज, कश्यप, कुम्हार, पाल गड़रिया, जोगी, तेली ( मलिक ) मंसूरी, मनीयहार, सैनी, धीमान पांचाल,नाई (सैन समाज ) आदि की अहम भूमिका रहेगी, जो आने वाले समय मे प्रदेश की राजनीति को अग्रषित कर नई सरकार गठन कर युवाओं, महिलाओ, गरीब मजदूर, किसान आदि को लाभावित करने का काम करेगी, साथ रहें देशपाल पांचाल, सुभाष धीमान, नरेश धीमान, अशोक कुमार एडवोकेट, बिर्जेश धीमान, मो. हम्माद, शौकीन अब्बाशी, देशपाल पांचाल, सुभाष धीमान, डॉ. नरेश धीमान, अशोक कुमार एडवोकेट, बिर्जेश धीमान, मो. हम्माद, शौकीन अब्बाशी,वकार आलम,सादिक कुरैशी आलमगीर, वाजिद अनेश जोगी, अकरम खान ,आदि।

# पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। सलेमपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक नफर अभियुक्त को मौरोनी रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित उर्फ भीमा पुत्र सोमवीर सिंह निवासी गांव पारौली थाना सलेमपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अभियुक्त के विरुद्ध सलेमपुर थाने में करीब 18 विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उधर सलेमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया कि एक नफर अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में थाने पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। कार्तिक पूर्णिमा पर अनूपशहर छोटी काशी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर पूजा अर्चना कर गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाकर मांगी मनौती। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश से छोटी काशी अनुपशर पहुँचे लाखो श्रदालुओ ने कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में लगाई आस्था की डुबकी। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के किए गए हैं पुख्ता इंतजाम, सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन व भारी पीएसी पुलिस बल जगह-जगह किया गया तैनात। पुलिस मेला में ड्रोन कैमरा से शरारती तत्वों पर रख रही है पैनी नजर। गंगा घाट पर पीएससी पुलिस बल तथा एनडीआरएफ टीम को स्टीमर पर किया गया तैनात। गंगा घाट पर बच्चों के हुए मुंडन व महिलाओं ने मेले में जमकर की खरीदारी। दूरदराज से आये श्रद्धालुओं ने रात्रि से ही गंगा में लगाई आस्था की डुबकी।

# एसई द्वारा दो जेई को सस्पेंड करने पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने अनुसूचित जाति लोगों का उत्पीड़न करने का लगाये गंभीर आरोप

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यरत अनेक विभागों के कर्मचारियों पर समय-समय पर लापरवाही के कारण कार्यावाही होना एवं अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगना होता आ रही है। ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर के विद्युत विभाग में देखने को मिला जहां अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार द्वारा दो अवर अभियंता संजीव कुमार एवं अरुण कुमार को निलंबित किया गया। जिस पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन द्वारा किया विरोध एमडी से शिकायत कर किया था धरना प्रदर्शन। संगठन ने दोनों अवर अभियंता का निलंबन रद्द करने एवं अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कार्यावाही करने की संगठन द्वारा रखी प्रमुख मांग। बता दें कि बिजली विभाग के एसई ने खुद को बचाने के लिए 2 जेईयों को सस्पैंड किया। पीड़ित अवर अभियंता संजीव कुमार के विरुद्ध किए गए अनैतिक निलंबन के प्रकरण में निलंबित अवर अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि - उनके खिलाफ की गई निलंबन की कार्यवाही तथा उसके पीछे अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार द्वारा की गई जांच बिल्कुल फर्जी है, जो केवल और केवल मेरे अनुसूचित जाति से होने के कारण मुझे उत्पीड़ित करने के लिए किया गया है । उन्होने आगे बताया कि दिनांक 25 सितंबर को मेरे द्वारा 33/11 केवी विधुत उपकेंद्र वलीपुरा की 33 केवी लाईन के 7-8 स्पेन की लाईन पोल सहित नहर में गिरने के कारण ब्रेकडाउन में आ गई थी, जिसके बाद अधिशासी अभियंता सुशील कुमार पांडे के निर्देशानुसार मेरे द्वारा 33/11 केवी वलीपुरा विद्युत उपकेंद्र की विधुत आपूर्ति सुचारु करने के लिए 33 केवी वलीपुरा, 33 केवी नीमखेड़ा तथा सुरक्षा की दृष्टि से 33 केवी चंदेरू लाइन का सटडाउन करने पर कार्रवाई की गई। निलंबन आदेश में मुझ पर आरोप लगाया गया है कि - कार्य पूरा होने के उपरांत मेरे द्वारा केवल 33 केवी नीमखेड़ा तथा 33 केवी चंदेरू लाइन का ही शटडाउन वापस किया गया जबकि 33 केवी वलीपुरा लाईन का शटडाउन वापस नहीं किया गया जिसके कारण अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार द्वारा अपनी प्रारंभिक जांच करने के उपरांत मुझ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुझे निलंबित किया गया । इस प्रकरण की सच्चाई यह है कि मेरे द्वारा 25 सितंबर को 4 बजे पर उपरोक्त तीनों लाइनों का शटडाउन लिया गया था तथा कार्य पूरा होने के बाद 5 बजे पर, 33 केवी वलीपुरा सहित तीनों लाइनों का शटडाउन नियमनुसार वापस कर दिया गया था जिसकी लॉगशीट की प्रमाणित कॉपी हमारे पास है जिसे 132 केवी भूड़ उपकेंद्र से भी प्रमाणित किया जा सकता है, जिसके बारे में अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार जांच के उपरांत भलीभांति जानते थे परंतु अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार द्वारा जान बूझकर मुझे प्रताड़ित करने के लिए मेरा निलंबन कर दिया है जिससे मैं मानसिक रूप से आहत हूं। उपरोक्त अनैतिक निलंबन के कारण सामाजिक तथा विभागीय लोगों में काफ़ी बदनामी हो रही है। बिना गलती के निलंबित किए जाने पर मैं मानसिक रूप से अत्यंत आहत हुं। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के जनपद संरक्षक आरसी द्विवेदी द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि-अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार, क श्रेणी के अधिकारी हैं। शासन के निर्देशानुसार क श्रेणी का कोई भी अधिकारी एक जनपद में लगातार 3 साल से अधिक तैनात नहीं रह सकता है, परंतु इस अधीक्षण अभियंता जनपद बुलंदशहर में जुलाई -2019 से अब तक लगभग 5-6 सालों से लगातार एक ही जनपद में तैनात हैं। अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार द्वारा बार बार बोला जाता है कि- एमडी मेरा क्या बिगाड़ लेगी, मेरा जबतक मन करेगा मैं यहीं रहूंगा। बिना मेरी मर्जी के मुझे कोई भी ट्रांसफर नहीं कर सकता है,डीएम साहब ने भी इनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है परंतु एसई सुनील कुमार ने एमडी से साठ गांठ करके तथा अपनी मजबूत पकड़ का इस्तेमाल कर फिर से बच गया है। यह जब से आए हैं हमेशा संगठन तथा विभाग के नियमों के विरुद्ध जाकर कार्य करते हैं, इससे पहले इन्होंने अवर अभियंता अरुण कुमार को उनकी शादी के दौरान नियमानुसार छुट्टी लेकर जाने के उपरांत भी बिना उनसे जानकारी किए, एमडी से शिकायत कर सस्पैंड कर दिया था। इसी प्रकार पहासू पर तैनात जेई इंद्रेश कुमार को उनकी स्वयं की सगी बहन की शादी में नियमानुसार छुट्टी लेकर जाने के उपरांत भी बगैर उनसे पूछे तथा उनका पक्ष जाने बगैर ही निलंबित कर दिया था, ठीक उसी प्रकार उन्होने इस बार भी अवर अभियंता श्री संजीव कुमार को बगैर जांच पड़ताल किए अथवा जांच पड़ताल करने के उपरांत भी जानबूझकर प्रताड़ित करने के उद्देश्य से निलंबित किया है

जबकि मुख्य अभियंता द्वारा गठित कमेटी ने किसी भी अवर अभियंता को दोषी नहीं ठहराया था । संगठन एमडी पश्चिमांचल से मांग करता है कि तत्काल इस अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार को सस्पेंड करें ताकि जनपद बुलंदशहर में औधोगिक शांति बनी रहे अन्यथा कि स्थिति में जूनियर इंजीनियर संगठन विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य है ।

# नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर । छतारी के गांव कीरतपुर स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत पंडाल उस समय उत्सव में तब्दील हो गया। जब भगवान श्रीकृष्ण की लीला का वर्णन हुआ। चहुंओर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयकारे गूंज उठे। कृष्ण बने नन्ने बालक को पालने में रखकर गोकुल ले जाते वासुदेव की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रद्धालुओं ने नाच गाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। छतारी के गांव कीरतपुर स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन कथा वाचक पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि जब प्रथ्वी कंस के आतंक से त्रस्त हो उठी तब प्रथ्वी को उसके आतंक से निजात दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने कारागार में बंद चल रही देवकी के गर्भ ने जन्म लिया। जैसे ही भगवान का जन्म हुआ, तभी सारे पहरेदार गहरी नींद में सो गए। कारागार के सारे दरवाजे व वासुदेव जी की बेड़ियां खुल गई। वे नन्ने कृष्ण को सूप में रखकर यमुनापार गोकुल स्थित मित्र नंद के घर चल दिए। जब वे यमुना पार कर रहे थे तो भगवान के श्रीचरणों को छूने के लिए यमुना का जल स्तर बढ़ता रहा। जिस पर भगवान कृष्ण ने सूप से पैर बाहर निकाला यमुना जल से स्पर्श किया, जब यमुना का जल स्तर कम हो सका। वासुदेव जी कृष्ण को नंद को सौंपकर उनकी कन्या को अपने साथ ले गए। जब गोकुल वालों को नंद के घर बालक के जन्म की सूचना मिली तो पूरा गोकुल झूम उठा। भागवत कथा में कृष्ण जन्म होने पर पंडाल जयकारों से गूंज उठा। बालकृष्ण के पूजन के लिए सभी श्रद्धालु उमड़ पड़े, नाच गाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुकेश राघव, सोमवीर सिंह, दिनेश दादा, विमल राघव ग्राम प्रधान, आदित्य राघव, डब्बू सिंह, चंद्रपाल सिंह, पप्पू प्रधान, चरण सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बरेली इकाई के पूर्व अध्यक्ष पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

बरेली । भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बरेली इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनीस अंसारी सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह प्राथमिकी बृहस्पतिवार को बारादरी पुलिस थाने में 32 वर्षीय एक महिला की शिकायत पर दर्ज की गई, जिसने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री से भी शिकायत की थी। यह घटनाक्रम अंसारी द्वारा आठ नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दिए जाने के कुछ दिनों बाद सामने आया है, जब उनके और एक महिला के बीच कथित तौर पर ''अश्लील बातचीत'' के कई छोटे ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। अंसारी ने भाजपा नगर इकाई के प्रमुख अधीर सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अनीस अंसारी, उनके बेटे शाहनवाज, जावेद उर्फ बबलू, जावेद मीडिया, फैजल और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बारादरी थाने के प्रभारी अमित पांडे ने महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। थाना प्रभारी ने बताया, ''अंसारी ने 13 अक्टूबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें महिला पर मोहपाश में फंसाकर जबरन वसूली का आरोप लगाया गया था। महिला ने अब आरोप लगाया है कि अंसारी के साथियों ने उसे धमकाया और उसके साथ मारपीट की। इसके अलावा, उसने अंसारी पर दुष्कर्म समेत कई अन्य आरोप भी लगाए हैं।''

# कुकर्म करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर। नामचीन व्यापारी के बेटे का कुकर्म करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है यह वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है कि ये वीडियो कहां कि है नगर के नामचीन व्यापारी का बेटा कुकर्म करता दिखाई दे रहा है वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वीडियो वायरल होने के बाद व्यापारियों में चर्चा का विषय बना हुआ है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नामचीन व्यापारी किसी व्यापार मण्डल में भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है जब इस सम्बन्ध में शिकारपुर सीओ विकास प्रताप चौहान, से जानकारी करनी चाही तो उन्होंने बताया कि वीडियो मेरे संज्ञान में नहीं है ऐसा कोई वीडियो है

तो उस वीडियो कि जांच करा कर आगे कि कार्यवाही कि जायेंगी वहीं शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार दूबे, ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर कुकर्म कि वायरल होने कि जानकारी मिली है लेकिन वीडियो अभी तक देखा नहीं गया है

खबर लिखे जाने तक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ।

# द ग्लोबल स्कूल में बाल दिवस केअवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों







गौतमबुद्धनगर। द ग्लोबल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की निदेशिका डॉ अर्चना सिंह और प्राचार्या सुचित्रा शर्मा जी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया और उसके उपरांत शारदे माँ की वंदना और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.जवाहर लाल नेहरू जी को पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के संचालन की बाग डोर कोऑर्डिनेटर संगीता अहलावत ने संभाली। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस, गीत, नृत्य आदि कई प्रस्तुतियां दी गईं जो कि एक से बढ़कर एक थी। हर्ष , हर्षित और भूमि ने अपने मनमोहक नृत्य से तालियां की आवाज पूरे प्रांगण में गूँज गयी। विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने भी अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जिनको देखकर बच्चे खुशी से झूम उठे। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर श्री ललित भाटी ने अपने भी विचार रखे। कार्यक्रम को सफल करने के लिए सांस्कृतिक विभाग के इंचार्ज श्री विपुल ने कपिल जी , यश जी, चिंटू जी , अनोखी जी आदि सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं का धन्यवाद प्रेषित किया।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट की अपील की

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों





बुलंदशहर। आज खैर विधानसभा पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव प्रत्याशी चारों केंद्र के लिए आज खैर विधानसभा में सभा को संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलीगढ़ की खैर विधानसभा में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डॉ चारु कैन के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया एवं वोट की अपील की। साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी को वोट देकर समाजवादी पार्टी को मजबूती से जिताये। इस अवसर पर साथ में मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी, वर्षा सिंह प्रधान खुर्जा विधानसभा, अमरपाल सिंह प्रधान प्रदेश सचिव समाजवादी अंबेडकर वाहिनी, राजकुमार टीटू खुर्जा विधानसभा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# नगर में असामाजिक तत्वों ने किया माहौल बिगाडने का प्रयास

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

जहॉगीराबाद । नगर में उस वक्त फिजा बिगडने से बच गयी जब कुछ असामाजिक तत्वों ने मुस्लिम बाहुल्य एक मौहल्ले में धार्मिक नारे लगाकर एवं आपत्ति जनक टिप्पणी कर उसकी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल दी जिससे उक्त मौहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया। मौहल्लेवासियों में गणमान्य लोगों की सुझबूझ से मामले को टाल दिया गया ओर मामले को गम्भीरता से लेते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ कोतवाली में एक लिखित तहरीर देकर उक्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिससे आगे भविष्य में ऐसी हरकत नही कर सके। नगर के मुस्लिम बहुल मौहल्ले के सभासद अनिस मलिक ने कोतवाली को दी तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की रात्रि लगभग 6 मोटरसाईकिल पर सवार अज्ञात लोगो ने धार्मिक स्थल के सामने नारे बाजी एवं मौहल्ले में हो रही शादी में आये लोगों से भी अशोभनिय टिप्पणी करते हुए मौहल्लेवासीयों को जान से मारने एवं शहर छोडने की धमकी दी। सभासद द्वारा दी गयी तहरीर में बताया कि 6-7 बाईकों पर सवार प्रत्येक बाईक पर 3 से 4 लोग थे जिन्होने पूरे मौहल्ले में धार्मिक नारे के साथ बाहर घुम रहे लोगों पर अभद्र टिप्पणी की है। इस घटना पर कोतवाली प्रभारी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। वीडियो के आधार पर असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है। प्रथम जॉच के आधार पर सभी नावालिक नजर आ रहे है। एक बाईक को सीज कर दिया गया है ओर हर पहलू पर पुलिस की पैनी नजर है दुबारा ऐसी हरकत नही करे इसके लिये टीम लगा दी गयी है।

# डीएम ने देर रात्रि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। अनूपशहर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला में आने वाले श्रद्धालुओ के लिए की गई व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने देर रात्रि मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश। असामाजिक, शरारती तत्वों पर पुलिस रखे पेनी नजर, ड्रोन कैमरे से हो मेले की निगरानी। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की ना हो कोई परेशानी। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब सहित उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आते है छोटी काशी अनूपशहर में गंगा स्नान करने श्रद्धालु।

# अपना दल एस कैंप कार्यालय पर बिरसा मुंडा का मनाया जन्मदिन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर। बुलंदशहर बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 के दशक में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती मुंडा और माता का नाम करमी पुर्ती मुंडा था बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरतीबा के नाम से भी जाना जाता है उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने कहा 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों ने कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को लगातार जल-जंगल-जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे। हालाँकि आदिवासी विद्रोह करते थें, लेकिन संख्या बल में कम होने एवं आधुनिक हथियारों की अनुपलब्धता के कारण उनके विद्रोह को कुछ ही दिनों में दबा दिया जाता था। यह सब देखकर बिरसा मुंडा विचलित हो गए, और अंततः 1895 में अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के ख़िलाफ़ लड़ाई के साथ-साथ जंगल-जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह मात्र विद्रोह नहीं था। यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। पिछले सभी विद्रोह से सीखते हुए, बिरसा मुंडा ने पहले सभी आदिवासियों को संगठित किया फिर छेड़ दिया अंग्रेजों के ख़िलाफ़ महाविद्रोह उलगुलान 1900ई को बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया और रांची जेल में बिरसा की मृत्यु हैजे से हो गयी बिरसा मरे नहीं,अपितु अमर हो गए। जब जब आदिवासी विद्रोह के बारे में हम बात करेंगे, बिरसा मुंडा का नाम प्रथम पंक्ति में लिया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 10 नवंबर 2021



को आयोजित बैठक में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है।इस दिन को भारत के एक वीर स्वतंत्रता सेनानी को याद किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल एस के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन ने किया कार्यक्रम में भगवत जाटव,मोहित शर्मा, शेंकी अम्बेडकर, जीशान,संजय रस्तोगी,कलवा भुर्जी,डालचंद जाटव,मूलचंद,जीतू,असलम कुरैशी,श्री मति मोनिका, कृष्णा,रजनी,राजकुमारी, शीला,रचना,अफसरी,आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य का पासपोर्ट बनाने के मामले में एक पुलिसकर्मी निलंबित

मेरठ । मेरठ जिले में कंकरखेड़ा थाने के एक पुलिसकर्मी को फर्जी पते पर कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य का पासपोर्ट सत्यापन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मेरठ के पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने आरोपी आरक्षी संदेश कुमार को निलंबित कर दिया है।

उन्होंने बताया कि प्रीतम सिंह बराड़ नामक बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा बताया जा रहा है और वह राजस्थान पुलिस के लिए भी वांछित है। सिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि बराड़ का पासपोर्ट कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र से बनाया गया था और इस प्रक्रिया में पते का सत्यापन नहीं किया गया था।

उनके अनुसार इस गड़बड़ी में कंकरखेड़ा थाने के आरक्षी संदेश कुमार को लिप्त पाया गया।

# जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया

गाजियाबाद। विधानसभा-56 में होने वाले उपचुनाव को देखते हुए जिलाधिकारी ने शुक्रवार को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कमला नेहरू नगर और मतगणना स्थल गोविन्दपुरम अनाज मंडी का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों स्थलों पर सफाई कराकर कूड़े का निस्तारण कराया जाए। इसके साथ ही अन्य कार्य भी समय से पूरे किए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम के अनुकूल परिस्थिति को देखते हुए नियमानुसार टैंट लगाए जाए। विद्युत, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेयजल, टायलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अधिकारी राजाराम और एडीओ निर्वाचन हरिकिशन शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सुशील कुमार बबलू ने किराना मंडी में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का किया जोरदार स्वागत




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद । सुशील कुमार ( बबलू भाई ) किराना मंडी ने आगामी 20 नवम्बर को गाजियाबाद विधानसभा-56 में होने वाले उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी संजीव शर्मा को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विजय बनाने की अपील की साथ ही किराना मंडी के प्रधान संजय गर्ग ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया, कार्यक्रम मुख्य रूप से किराना मंडी के व्यापारी मौजूद रहे। साथ ही व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता (बालू भाई), देवेंद्र हितकारी, पार्षद नीरज गोयल,पार्षद अजीत निगम, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सोनू भाटी, करण शर्मा, प्रतीक माथुर, रूद्र प्रताप त्यागी, वीरेंद्र कंडेरे, मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक, पंडित अशोक भारतीय, मनोज गुप्ता, प्रदीप गर्ग, आशु गोयल, अनिल मेहरा, रवि मल्होत्रा अमित गर्ग, राहुल गर्ग, दीपक गुप्ता, ज्ञानीराम गुप्ता, मुकेश, सत्येंद्र राणा, गांधी जी, सतीश कुमार, दीपक गुप्ता आदि सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारी नेता देवेंद्र हितकारी और गौरव शर्मा ने अपने प्रतिष्ठान पर सभी व्यापारी भाइयों को एकत्रित कर भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी व्यापारियों से भाजपा को वोट करने की अपील की।

## जनसेवा और समर्पण का संकल्प के आधारभूत की वोट की अपील



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। गाजियाबाद सदर विधानसभा 56 में शहर मंडल अध्यक्ष माहिम गुप्ता और मंडल प्रभारी मोनिका पण्डिता के नेतृत्व में शक्ति केंद्र 4, 9, 13, 15,16, 19, ,21,22 ,पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर के कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रमुख लोगों के साथ संवाद किया। विशेष रूप सेउत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कुँवर बृजेश सिंह , पूर्व सांसद रमेश चन्द्र तोमर , विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोगा, पूर्व क्षेत्र कोषाध्यक्ष पवन गोयल, भाजपा नेता तरुण शर्मा और क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने उपस्थित लोगों के साथ विचार-विमर्श कर आगामी 20 तारीख को प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को विजयी बनाने की अपील की। मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक शरद शर्मा के साथ पार्षद शीतल चौधरी , रोहित चौहान , बंटी वाल्मीकि , विनीत त्यागी , अनिल जिंदल, वंदना पांडेय, लवली कौर, जग्गी, राकेश त्यागी , जावेद मलिक के द्वारा बूथ से बूथ पर चलाए जा रहे सघन प्रचार अभियान के द्वारा निश्चित रूप से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा एक ऐतिहासिक जीत की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

## कुंवर ज्ञानेन्जय सिंह ट्रैफिक कंट्रोल करने हेतु पुलिस बल के साथ मैदान में उतरे




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

गढ़मुक्तेश्वर। पौराणिक तीर्थस्थल गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित गढ़ गंगा मेला में दीपदान व कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दिन 4-5 किमी लम्बे लगे जाम ने पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं को धराशाही कर दिया। यातायात अवरुद्ध होने के कारण बुजुर्ग व बच्चे भूख-प्यास से बिलख उठे। गंगा पर दीपदान करने के बाद घर लौट रहे लोगों और कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के रैला के कारण मेला मार्ग पर चारों ओर जाम लग गया और छोटे-बड़े सभी वाहन जाम में फंस गए जिस कारण वाहनों की कतारें लग गई और पुलिस प्रशासन की रुट डायवर्जन तथा मेला परिसर में वाहनों के प्रवेश पर लगाए प्रतिबंध जैसे सारे इंतजाम धरे रह गए। गढ़ गंगा मेले में भारी जाम की गूंज सोशल मीडिया के माध्यम से लखनऊ तक जा पहुंची। पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानेन्जय सिंह ट्रैफिक कंट्रोल करने हेतु पुलिस बल के साथ मैदान में उतरे और यातायात को नियंत्रित किया।

## आसमान से मेले पर निगाह बनाए हुए हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

गढ़मुक्तेश्वर। जनपद हापुड़ की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर के कार्तिक मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस जमीन पर पेट्रोलिंग कर रही है तो आसमान से भी नज़र रखे हुए हैं। पुलिस ड्रोन कैमरे की मदद से आसमान से मेले पर निगाह बनाए हुए हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ जगह-जगह लगने वाले जाम पर भी पुलिस निगाह रख रही है। गढ़ गंगा कार्तिक मेला-2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारी मैदान में डटे हुए हैं।

विभिन्न जनपदों व राज्यों से लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ड्रोन की मदद ले रही है और क्षेत्र का जायजा ले रही है।

लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके चलते ड्रोन का सहारा लिया जा रहा है।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संजीव शर्मा के जरिए गाजियाबाद को नंबर एक बनाने का किया वादा

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

▶▶ नेता नहीं सेवक कार्यकर्ता के रूप में संजीव शर्मा को कराएगा क्षेत्र का विकास-पाठक







गाजियाबाद। शहर विधानसभा उपचुनाव में अकबर बहरामपुर के माया फार्म में जनसभा का आयोजन भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को जनसमर्थन जुटाने के लिए किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मण एवं पुजारी की टोली के द्वारा मंत्र उपचार के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा पूरे उत्तर प्रदेश एवं भारत की निगाहें उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिला गाजियाबाद के शहर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव पर टिकी हुई है उन्होंने कहा हमें तो बचपन में ही मैं सिखाया है कि सब्जी तरकारी भी खरीदो तो पहले उसकी गुणवत्ता की जांच कर लो तो जरा सोचो अगर अपने शहर की विकास की चिंता करने वाला अपने शहर की शिक्षा की चिंता करने वाला अपने शहर की रोजगार की चिंता करने वाला अपने शहर के आमजन की चिंता करने वाला भला हम बिना जांच पर रखकर कैसे चुन डालेंगे इसलिए, मैं आप सभी के बीच यह निवेदन करने आया हूं भाजपा के देश में और प्रदेश में सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सभी में विश्वास के आधार पर अपने कार्य को अंजाम दिया है जाति बिरादरी से ऊपर उठकर विकास और सुशासन के मापदंड पर काम किया है। उन्होंने कहा यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था पूरे देश में नंबर एक बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव हर स्तर पर देखा जा रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनकी वास्तविकता अब जनता के सामने आ चुकी है। प्रदेश की जनता विकास को प्राथमिकता दे रही है, जबकि विपक्ष के पास आलोचना के अलावा कोई ठोस योजना नहीं है। उन्होंने सपा शासन और सपा की मानसिकता के बारे में बताते हुए बोला सपा के शासन में गाजियाबाद से लेकर ललितपुर तक के जिलों में मिनी मुख्यमंत्री बैठा दिए गए थे जो ठेकेदारी अपहरण और गुंडाराज को पनपाने का काम करते थे। और कांग्रेस ने 60 साल देश को लूटने का काम किया उनके शासन काल में भ्रष्टाचार चरम पर था। पीडीए गठबंधन के बारे में उन्होंने बताया इनका गठबंधन परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है इनके दलों में परिवारवाद है उनके दल का मुखिया उनके परिवार के आदमी को ही बनाया जाएगा जबकि भाजपा में आज भी चुनाव की व्यवस्था के साथ यह बिल्कुल स्पष्ट है कि बूथ का अध्यक्ष भी पार्टी का अगला जिला अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष अथवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हो सकता है। उन्होंने बताया युवा शहजादे के बहकावे में आकर अभी हाल ही के लोकसभा चुनाव में जनता ने लाखों खाते में आने की बात का प्रलोभन कर गुमराह होने का काम किया। परिणाम आने के बाद इन्होंने माता बहनों और देशवासियों को अंगूठा दिखाने का काम किया। संविधान के साथ अपने शासनकाल में सबसे ज्यादा बदलाव कर छेड़छाड़ करने वाले संविधान के बदले जाने का खतरा बताकर लोगों की भावनाओं से खेलने का काम किया लेकिन फिर भी जानता के मजबूत निर्णय के आगे यह 100 का आंकड़ा भी पर नहीं कर पाए। सपा बसपा कांग्रेस लोगों को बका कर जाति पाति और धर्म में उलझा कर येन केन प्रकरेण सत्ता पर काबिज होना चाहती है मगर जनता जाग चुकी है और उनके खिलौने विचारों को पहचान चुकी है। जनता भाजपा के प्रत्याशी को जीताकर इन दलों को आईना दिखाने का काम करेगी। सुबह के उपमुख्यमंत्री ने अपने भूषण की शुरुआत पुरवइया भोजपुरी लेजर में करते हुए कहा का होईल बा, ठीक बा। उप मुख्यमंत्री पाठक ने विश्वास जताया कि 20 नम्बर को उपचुनाव में भी मतदाता जनता सरकार की जन-हितैषी नीतियों और विकास कार्यों का समर्थन करते हुए भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करेंगी और एक कार्यकर्ता के रूप में भाजपा प्रत्याशी बने संजीव शर्मा को भारी मतों में विजई करते हुए लखनऊ विधानसभा सदन में पहुंचाएगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का हाथ पकड़ कर अपने हाथ के ऊपर रखकर उठाकर संजीव शर्मा के कार्य कुशलता पर विश्वास करते हुए ऐलान किया कि आप अगर संजीव शर्मा को जिताकर लखनऊ भेजते हैं तो मैं लखनऊ से रहकर आपके संजीव शर्मा के साथ आपके शहर के बाबत बात करते हुए उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद को नंबर एक जिला बनाने में भरसक प्रयास करूंगा। प्रदेश के महामंत्री और क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों के दिलों में जनता के प्रति एक सच्चा लगाव है उसी के फल स्वरुप आज देश और प्रदेश की सरकार केवल और केवल विकास ,सुशासन,सुरक्षा के एजेंडे पर निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा ने एक प्रत्याशी के रूप में आज आपके बीच में एक कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतारा है तो सभी का यह है और भी अधिक दायित्व बन जाता है कि एक कार्यकर्ता की जीत नया रिकॉर्ड हासिल करें। योगी सरकार के मंत्री एक और बृजेश सिंह ने कहा कि मैं गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं की जिन्होंने अपने प्रत्याशी संजीव शर्मा की जीत का पूरा खाता तैयार कर रखा है। बूथ से लेकर उच्च पदाधिकारी तक सभी चुनाव में पूरी सकता के साथ जीत को ऐतिहासिक बनाने में लगे हुए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा भाजपा कैडर बेस पार्टी है हमारा कार्यकर्ता दिशा जीता चुनाव जीत के आधार पर चुनाव को जिताने की कुवत रखा है पार्टी ने आपके बीच के कार्यकर्ता को ही टिकट देकर आपके बीच भेजा है। अब आपको जनता के बीच जाना है और इस जीत को ऐतिहासिक जीत बनाना है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा की शीर्ष नेतृत्व ने हम संगठन का कार्यकर्ता, युवा, ऊर्जावान प्रत्याशी के रूप में संजीव शर्मा को चुनकर भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने का काम किया है। संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं के चरणों में अपना नमन करते हुए कहा कि मैंने अपने संगठन के 17 साल में भाजपा को चुनाव लड़वाते हुए गुजारे हैं और अब अपने चुनाव में भी कई बार यह पता नहीं पड़ता कि कि मैं चुनाव लाड़वा रहा हूं अथवा चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र के लिए कंधे से कंधा मिलकर खड़ा रहा हूं ठीक इसी प्रकार अपने क्षेत्र वासियों के व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक कार्यों के लिए सहजता और सरलता से जनता के बीच मौजूद रहूंगा। कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान ने किया और मंच संचालन युवा नेता संदीप त्यागी ने किया। मंच पर प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री कुमार बृजेश सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंशी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, चुनाव संयोजक पूर्व महापौर आशु वर्मा, भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान , पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप,महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, चुनाव सहसंयोजक सुनील यादव, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी,करण गर्ग, प्रतीक माथुर,धर्मेंद्र चौधरी, ओम राजपूत, अशोक यादव, जोगिंद्र सिंह, पिंटू भाई, धर्मेंद्र चौधरी, मीनल रानी पार्षद आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों ने जताया आभार, बजरिया कट खुलवाने के लिए दिया धन्यवाद






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

▶▶ नरेंद्र कश्यप बोले इससे व्यापारियों को मिलेगी राहत और बढ़ेगा व्यापार
▶▶ व्यापारियों को होगा लाभ ,जनता भी पहुंचेगी आसानी से

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने शुक्रवार को स्वागत- सम्मान किया और धन्यवाद दिया। कुछ समय पूर्व मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस आयुक्त से बात कर बजरिया कट खुलवाने की चर्चा की थी, अब इसका असर हुआ है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बजरिया कट खुलवाने के लिए ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में व्यापार मंडल बजरिया के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें व्यापारियों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने का समर्थन दिया और मंत्री नरेंद्र कश्यप का आभार जताया कि उन्होंने सालों से बंद कट को खुलवाने का काम किया। नरेंद्र कश्यप ने कहा व्यापारी मेरे परिवार का हिस्सा उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं।व्यापारियों की समस्या उनकी समस्या रहती है, इसीलिए उन्होंने बजरिया के बंद कट को खुलवाने के लिए पुलिस कमिश्नर से बातचीत की थी और इस समस्या का समाधान कराया है। व्यापारियों ने मंत्री नरेंद्र कश्यप का धन्यवाद और स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से महामंत्री दीपक शर्मा, पूर्व पार्षद जय भगवान गर्ग, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा , नवीन अरोड़ा ,जीके मिश्रा, संजय गर्ग ,एडवोकेट राजीव सिसोदिया ,सौरव गर्ग, कपिल खन्ना ,राजू दर्शन सिंह, तरुण त्यागी एडवोकेट ,संजीव सिसोदिया, सर्वेश, राजेंद्र ,सौरव गर्ग, तरुण, प्रेमलता कोरी, सौरभ गर्ग व जितेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद देते हुए उनका स्वागत किया और कहा कि व्यापारियों के लिए उनके द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय व्यापारी इस सदैव याद रखेंगे और आगामी विधानसभा उपचुनाव में व्यापारियों ने भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने का समर्थन भी दिया है। इस मौके पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं। व्यापारियों को होगा लाभ ,जनता भी पहुंचेगी आसानी से लंबे समय से बजरिया कट बंद चल रहा था , जिस वजह से लोगों को घूम कर आना पड़ता था और व्यापारियों को परेशानी हो रही थी। इसका असर उनके व्यापार और अन्य कार्यक्रमों में भी पड़ता था।

शुक्रवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल और स्थानीय व्यापारियों ने बंद कट को खुलवाने के लिए धन्यवाद करते हुए आभार और उनका स्वागत किया इस दौरान नरेंद्र कश्यप ने सभी को धन्यवाद भी दिया।

## गंगा मेला कार्यक्रम को भव्य, शांतिपूर्वक, हर्षोल्लास के साथ सफल सम्पन्न कराने पर सभी का हार्दिक धन्यवाद - जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा

**गंगा घाटों की सफाई हेतु 16-18 नवम्बर को चलाया जायेगा विशेष सफाई अभियान**



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला—2024 के भव्य एवं सफलतापूर्ण सम्पन्न होने पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने पतित पावनी मां गंगा के चरणों में वन्दना करते हुए गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला—2024 को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने पर जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, विघुत विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग, राजनेताओं, उच्चाधिकारियों, मीडिया बंधुओं, कलाकारों, समाजसेवियों, जनपदवासियों, श्रद्धालुओ, दर्शकों, मेला प्रबधकों सहित अन्य सभी सहयोगकर्ताओं का हृदय की गहराईयों से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद प्रेषित करती हूं। जिलाधिकारी महोदया श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कहा कि मुझे आशा है कि जिस प्रकार आप सभी विभागों, जनपदवासियों सहित अन्य सभी ने गंगा मेला का कार्यक्रम भव्य, शांतिपूर्वक, हर्षोल्लास के साथ सफल सम्पन्न कराया है, ठीक उसी प्रकार आप लोगों का सहयोग हमें अन्य सभी कार्यक्रमों एवं सरकार की मंशारूपी जनहित, जनकल्याण की योजनाओं को शत—प्रतिशत पूर्ण करने में भी मिलता रहे, धन्यवाद। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि गंगा स्नान के उपरान्त अब विशेष सफाई अभियान चलाकर घाटों की सफाई कराई जायेगी। यह अभियान 16—17 नवम्बर को चलाया जायेगा, यह अभियान विशेषत- कच्चा घाट गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट पर चलाया जायेगा। जिसमें जिला पंचायती राज विभाग, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका हापुड़, ब्रजघाट व पिलखुआ द्वारा सयुक्त रूप से विशेष टीम गठित करते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। कच्चा घाट गढ़मुक्तेश्वर को स्वच्छ कराने के लिए 390 सफाई कर्मचारी, सात पानी टैंकर, पांच मोबाइल टॉयलेट, चार कूड़ा उठाने की मशीन, सौ डस्टबिन, एक सैफ्टी टैंक, एक स्प्रे टैंकर, दो कूड़ा कम्पैक्टर, दो ट्रैक्टर ट्रोली लगेगी। इसके साथ ही ब्रजघाट की विशेष सफाई अभियान के लिए एक डम्फर, तीन ट्रैक्टर ट्रोली, दो जेसीबी, साठ सफाई कर्मचारी लगेंगे। सफाई अभियान के अन्तर्गत सभी कूड़ा एकत्र कर डम्फर व ट्रैक्टर ट्रोली के माध्यम से डम्पिंग ग्राउड भेजा जायेगा। इसके अतिरिक्त 60 सफाई कर्मचारी व 05 टिम्पर गाड़ियां शहर मार्ग की सफाई में नियमित रूप से रहेंगे।

उन्होंने कहा कहा कि सफाई अभियान के तहत जो भी कूड़ा एकत्रित किया जाए उसको डंपिंग ग्राउंड में निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाए।

## दिवंगतों की आत्म शांति के लिए दीपदान हेतु उमड़े लोग




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

गढ़मुक्तेश्वर । गत एक वर्ष में दिवंगत हुए लोगों की आत्म शांति के लिए दीपदान हेतु गुरुवार को पौराणिक तीर्थस्थल गढ़मुक्तेश्वर के गंगा तट पर लोगों का रैला उमड़ पड़ा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा आदि स्थानों से लाखों लोग गुरुवार को गढ़मुक्तेश्वर, बृजघाट, पूठ में गंगा किनारे पहुंचे। मान्यता है कि कार्तिक मास में बैकुंठ चतुर्दशी को गंगा में दीपदान करने से दिवंगत आत्मा को शांति मिलती है। गुरुवार को दिन ढलते ही लोगों ने गंगा स्नान किया और दीपक व पूजन सामग्री को गंगा में प्रवाहित कर श्री हरि से प्रार्थान की कि वह परिवार की दिवंगत आत्मा को बैकुंठ धाम में स्थान दें और उनकी आत्म शांति प्रदान करें। लोगों ने गरीबों को भोजन कराया और दक्षिणा दी। गंगा में प्रवाहित लाखों जलते हुए दीपक ऐसा दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे कि मानों आज श्री हरि इस धरा पर उतर आए हो।भाजपा सांसद ने श्रध्दालुओं पर की हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा संसदीय क्षेत्र अमरोहा- गढ़मुक्तेश्वर से भाजपा सांसद कुवंर तवंर सिंह ने गुरुवार को अमरोहा के तिगरी धाम व गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गंगा तट पर लगे ऐतिहासिक गंगा मेले में आए लाखों श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की, साथ ही मां गंगा को प्रणाम करते हुए हाथ जोड़कर सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। गंगा तट पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा देखकर श्रध्दालुओ का मन प्रफुल्लित हो उठा और गंगा तट गंगा मैय्या की जय के उद्घोष से गूंज उठा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने किया पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। जनपद गाजियाबाद विधानसभा—56 में उपनिर्वाचन के मद्देनज़र जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कमला नेहरू नगर व मतगणना स्थल गोविन्दपुरम अनाज मण्डी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समयान्तराल में ही निर्वाचन से सम्बंधित दोनो स्थलों पर सफाई कराते हुए कूड़ें का निस्तारण करें। इसके साथ ही नियमानुसार निर्वाचन सम्बंधी जो भी कार्य शेष हैं, उन्हें पूर्ण करें। उन्होने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम अनुकूल परिस्थतियों को देखते हुए नियमानुसार टैंटेज, विद्युत, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेयजल, टायलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां रखें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह, अधिशासी अधिकारी पीडब्लूडी श्री राजाराम, एडीओ निर्वाचन श्री हरिकिशन शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था हापुड़ के वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य का निधन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड की महिला ब्रिगेड की जिला सचिव प्राची खुल्लर के पति व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य चंदन सिंह खुल्लर का अकस्मात हृदय की गति रुकने से निधन हो गया सूचना मिलते ही क्षेत्र व संस्था में शोक की लहर दौड़ गई तुरन्त मौके पर संस्था की महिला बिग्रेड की प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश त्यागी ,जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा,वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य सत्येन्द्र त्यागी,आलोक त्यागी,भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव सुधीर त्यागी ने उनके निवास स्थान पहुंचकर संवेदना व्यक्त की और शमशान घाट नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद मे बच्चों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । एनसीआर बाल दिवस के उपलक्ष में संतोष मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी गाजियाबाद ने शहीद विजय सिंह पथिक सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय भोपुरा गाजियाबाद, मैं छात्रों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री का वितरण किया और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया इस अवसर पर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद, ने बच्चों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जिसमें छात्राओं की आंखों की जांच, दांतों की जांच, निशुल्क कराई गई व डाइटिशियन विभाग द्वारा उन्हें खान-पान से संबंधित जानकारी दी गई । विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव व अध्यापिकाएं मीना भटनागर, संगीता शर्मा ,बृजेश वर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया इस अवसर पर ISR हेड श्वेता चौधरी ने बच्चों को बताया कि बाल दिवस क्यों मनाया जाता है और उन्होंने छात्राओं को आश्वासन दिया समय-समय पर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद शिक्षा चिकित्सा से संबंधित सहायता छात्राओं को उपलब्ध कराता रहेगा । इस मौके पर डॉक्टर द्रुव्रष्ट दीक्षा बिष्ट ने छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की जिसमें पूजा ,अजीत कुमार, रमेश ,राजीव , गुरदीप तेवतिया ,सोनू भारती,दुष्यंत चौहान ,कपिल शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा संतोष हॉस्पिटल समय-समय पर समाज सेवा में शिक्षा चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण के लिए तत्पर रहता है और भी कई तरह के कार्यक्रम चलाकर समाज सेवा में अपना योगदान करता है।

## रूबी एक दिन के लिए एसीपी बनीं

नोएडा । मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय पर्थला खंजरपुर की कक्षा सात की छात्रा कुमारी रूबी को सेक्टर-49 एसीपी कार्यालय का एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में रूबी ने कमिश्नरेट ऑफिस में कार्यालय में क्रियाकलापों को देखा और समझा। इसके साथ ही दिन प्रतिदिन की एफआईआर के बारे में समझा। इसके साथ ही महिला डेस्क की पुलिसकर्मियों से महिलाओं से संबंधित घटनाओं के बारे में जानकारी ली और पुलिस की कार्यप्रणाली को जाना। सहायक पुलिस आयुक्त ट्विंकल जैन के द्वारा बच्चों को आईपीएस सेवा के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा अवनी ने एक दिन के लिए सेक्टर-49 थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला और कक्षा आठ की ही सुनैना ने चौकी प्रभारी सेक्टर-122 का कार्यभार संभाला। इस मौके पर नोडल बालिका शिक्षा अर्चना पांडेय बिसरख मौजूद रहीं।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए अभी भी तरस रहे हैं दिल्ली के छतरपुर के लोग

नई दिल्ली । दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में जनता से जुड़े मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया हमेशा उदासीन रहा है। सड़क जाम से लेकर बारात घर के निर्माण और गंदे पानी की सप्लाई से लेकर मिनी स्टेडियम के निर्माण तक में सालों से स्थानीय लोगों में मायूसी बनी हुई है। पूरे छतरपुर इलाके में गंदे पानी की निकासी के लिए आवाज उठाई गई। यहां तक कि दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने साल 2012 में जिस 200 बेड अस्पताल का फीता काटकर उदघाटन किया वहां इस समय लंबे लंबे पेड़ उग गए हैं और बनाने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। हालांकि अदालत ने समय समय पर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई है लेकिन जिस हिसाब से काम होना चाहिए उसके लिए अभी भी स्थानीय लोगों को मायूस ही रहना पड़ रहा है। हां, इस बीच कुछ मामले में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता ऋषिपाल महाशय की मेहनत और अदालत में दिन रात चक्कर काटने के बाद कुछ सकारात्मक रुप देखने को जरूर मिल रहा है। यहां के असोला फतेपुर नाला 40 सालों से बीमारियों के लिए जाना जाता है। कैंसर जैसी बीमारियां यहां कई लोगों को अपनी चपेट में ले चुका है। बीते दिन दिल्ली हाई कोर्ट ने ऋषिपाल महाशय की याचिका पर फैसला सुनाया और इसे तुरंत साफ करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार 70 सालों से सामुदायिक भवन के लिए तरस रहे लोगों को बीते हफ्ते ही दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश देकर तुरंत गांव की जमीन को कब्जे में लेकर निर्माण के आदेश दिए हैं। इसी तरह महाशय की कवायद के बाद भाटी माईंस कूड़ाघर को बंद किया गया। ऋषिपाल ने जौनापुर-मांडी सड़क के चौड़ीकरण के लिए पीडब्लूडी को आवेदन किया और फिर जौनापुर में सिंगापुर विश्वविद्यालय के निर्माण को रोके जाने पर तत्कालीन सांसद रमेश विधुड़ी के द्वारा संसद मे प्रश्न उठवाने और दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल को लगातार पत्राचार करने, आयानगर गांव में संडे बाजार में पानी की समस्या के लिए और डेरा गांव में मिनी स्टेडियम के लिए महाशय ने लगातार कोर्ट से लेकर स्थानीय प्रशासन के पास गुहार लगाई है।

## महिला की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार



नोएडा । नोएडा के बहलोलपुर में दो दिन पहले हुई एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान फर्रुखाबाद के निवासी प्रदीप के रूप में हुई जो पेशे से ड्राइवर है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी ने बुधवार को सुबह बहलोलपुर में किराए के मकाने में रहने वाली निशा की गला दबाकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त महिला का पति काम पर गया था। उन्होंने बताया कि महिला के पति की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई और आज सुबह प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। अवस्थी ने कहा, ''महिला और आरोपी के बीच प्रेम संबंध थे।
यह भी सामने आया है कि बुधवार की सुबह दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद प्रदीप ने इस घटना को अंजाम दिया।''

## मामूली विवाद में छुरा घोंपकर एक व्यक्ति की हत्या, पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

नोएडा । नोएडा के सेक्टर-113 पुलिस थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में एक व्यक्ति की कथित तौर पर छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई, हालांकि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया जिसकी पहचान बिहार के छपरा जिले के निवासी अमरजीत महतो के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को सोरखा गांव में हुई जब महतो मांस की दुकान पर गया था तो उसने वहां शहजाद नाम के व्यक्ति से अंगोछा मांगा लेकिन उसने इनकार कर दिया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और महतो ने शहजाद की कथित तौर पर छुरा घोंपकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गईं।
उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के पुलिस को सेक्टर-117 के जंगल की ओर जाने वाले मार्ग पर महतो की मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर ली।
उन्होंने बताया कि खुद को घिरता देखकर आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी। उ
न्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली महतो के पैर में जा लगी जिससे वह घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक महिला की मौत और दो अन्य घायल

ग्रेटर नोएडा । गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला की मौत हो गई और उसका पति तथा बच्चा गंभीर से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात कोट पुल के पास की है जब गाजियाबाद निवासी विनोद कुमार अपनी पत्नी पूजा तथा अपने बेटे बिल्लू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अलीगढ़ में अपने ससुराल जा रहे थे। दादरी पुलिस थाने के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि एक ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान पूजा की मौत हो गई और घायल विनोद तथा बिल्लू का उपचार किया जा रहा है। उपाध्याय ने बताया कि विनोद के पिता हरि सिंह की शिकायत पर प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आर्य नेता अनिल आर्य का जन्मोत्सव सोल्लास सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के जन्मोत्सव पर आर्य समाज कबीर बस्ती ,पुरानी सब्जी मंडी,दिल्ली में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य नेता ओम सपरा ने( पूर्व मेट्रो पोलेटिन मैजिस्ट्रेट) ने की। आचार्य प्रेमपाल शास्त्री (अध्यक्ष,सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा) ने कहा कि समाजसेवा और परहित की भावना के साथ आप कार्य कर रहे हैं आपके सद प्रयासों को नमन है।आपकी कार्य शैली, कर्मठता व निरंतरता बेमिसाल है। हास्य योग गुरू जितेन कोही ने कहा कि हमने आपसे बहुत कुछ सीखा है आप सदैव आशावादी व ऊर्जावान रहते हैं। समारोह अध्यक्ष ओम सपरा ने कहा कि अनिल आर्य कभी विश्राम नहीं करते अपितु सबको व्यस्त रखते हैं।आपका व्यक्तित्व सबको अपना बना लेता है। एमिटी शिक्षण संस्थान के निदेशक आनंद चौहान ने शुभकामनाये देते हुए सदैव स्वस्थ रहने की कामना की। उत्तर प्रदेश प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने कहा है कि आपकी कर्मठता लोगो को जोड़ने की कला अदभुत है। जिस कार्य को संभालते है उसे सफल करते हैं। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। आर्य गायक प्रवीन आर्या पिंकी,रामकुमार पूंजानी, देवेन्द्र गुप्ता,यज्ञवीर चौहान, आस्था आर्य के मधुर संगीत पर सब झूम रहे थे।कार्यक्रम का कुशल संचालन दुर्गेश आर्य ने किया। प्रमुख रूप से रामकुमार आर्य, प्रमोद योगाचार्य, अरुण आर्य, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,वरुण आर्य, संतोष शास्त्री,सुनील खुराना,सुदेश भगत,जय प्रकाश शास्त्री,कुँअरपाल शास्त्री ,अंजना गुप्ता, प्रकाशवीर शास्त्री,महेन्द्र टांक,दशरथ भारद्वाज, संजीव आर्य, तिलक राज संदूजा, यज्ञवीर चौहान,देवेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## गुरु के दरबार में मत्था टेक श्रद्धापूर्वक गुरुनानक जयंती मनाई



नोएडा । शहर में सिखों के पहले गुरु नानक देव की जयंती का 555वां प्रकाश पर्व शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया गया। सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर अरदास की और प्रसाद चखा। इससे पहले लोगों ने प्रभातफेरी निकाली और नगर कीर्तन में हिस्सा लिया। सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रकाशोत्सव पर कीर्तन समागम हुआ। इस दौरान के शहर के गुरुद्वारे में शबद कीर्तन दरबार सजा सिख समाज के लोगों ने प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया। सैकड़ों हजारों की संख्या में सिख समुदाय के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं और पुरुषों सहित दूर दराज की संगतों ने शामिल होकर गुरुद्वारे में श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। गुरुद्वारे में सत्संग कर गुरु गीतों से गुरु की महिमा का बखान किया। संगत ने सत्संग और गुरबाणी का पाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारे के सेवादार रमिंदर सिंह गांधी ने बताया कि गुरुद्वारे में सुबह छह बजे से ही शबद कीर्तन और गुरुवाणी की शुरुआत हो गई। इसके बाद यह समागम रात साढ़े ग्यारह बजे तक जारी रहा। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं के जत्थे आने लगे, जिनका आने का क्रम देर रात तक जारी रहा। रमिंदर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचे। वहीं, सेक्टर-37 स्थित गुरुद्वारे में भी 15 हजार से अधिक श्रद्धालु गुरु के दरबार में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। सेक्टर-18, 25, 12, 37 समेत शहर के सभी गुरुद्वारों में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। गुरुद्वारों को भी रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। देर रात तक जारी रहा लंगर सेक्टर-18, 37, 12, 25 के गुरुद्वारों के साथ ही शहर के अन्य गुरुद्वारे में शुक्रवार सुबह से शबद कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया। यहां करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरु के दरबार में मत्था टेका और शबद कीर्तन के साथ ही कड़ा प्रसाद चखा। वहीं, लंगर सेवा के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपना योगदान दिया। इस दौरान इन सभी स्थानों पर हजारों की संख्या में सेवादार भी तैनात रहे, जो देररात तक गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे। न्यूजीलैंड से आई गायिका के कीर्तन ने मनमोहा गुरु नानक के 555वें प्रकाश पर्व पर न्यूजीलैंड से नोएडा आईं बीबी अमृता कौर ने सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारा में कीर्तन किया। उनकी सुरीली आवाज सुनकर संगत मंत्रमुग्ध हो गई। वहीं, दिल्ली से आए रणजीत सिंह ने प्रवचन के दौरान कहा कि अपने बच्चों को शुरुआत से ही पढ़ाई का इतना प्रेशर न डालें कि वो अपना जीवन जीना भूल जाएं, वो इस प्रेशर से अपना जीवन नहीं जी पा रहे रहे हैं। सेक्टर-37 के गुरुद्वारे में भी सुबह से ही कई संगतों ने सत्संग और गुरबाणी का सरसपूर्ण तरीके से गायन किया गया। इसे सुनकर श्रद्धालु गुरु की महिमा की गुणगान करने लगे। इस दौरान शहर के सभी गुरुद्वारे में देर रात तक श्रद्धालुओं के आने जाने से भीड़ लगी रही। गुरुद्वारे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके से पुलिस की टीमें भी तैनात रहीं।

## दिल्ली न्याय यात्रा का मकसद नफरत मिटाना - देवेन्द्र यादव





नई दिल्ली । दिल्ली न्याय यात्रा के दूसरे चरण में शुक्रवार को आठवे दिन दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में गोकुलपुरी विधानसभा के बैंक ऑफ बड़ोदा, मंडोली रोड़ से शुरु हुई। इस मौके पर देवेन्द्र यादव ने गुरु पूरब के अवसर पर दिल्ली न्याय यात्रा के योद्धाओं, शामिल लोगों और दिल्ली की जनता को दिल्ली कांग्रेस की ओर से शुभकामनाएं दी। गुरु नानक देव जी के जन्मदिन पर देवेन्द्र यादव ने दिलशाद गार्डन के बेबे नानक देव जी गुरुद्वारा में माथा टेक कर दिल्ली की खुशहाली की कामना की। दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और यात्रा के शुरुआत में बाबरपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भव्य स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव को चॉदी का मुकुट भी पहनया। राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला भी आज दिल्ली न्याय यात्रा का हिस्सा बने। उन्हें संविधान की कॉपी भी भेट की गई। लगभग प्रतिदिन 25 किलोमीटर चलने वाली दिल्ली न्याय यात्रा आज नार्थ ईस्ट लोकसभा के बाबरपुर जिला के अंतर्गत गोकुलपुरी विधानसभा, मुस्तफाबाद विधानसभा और करावल नगर विधानसभा में निकाली गई। दिल्ली न्याय यात्रा गोकुलपुरी विधानसभा में बैंक ऑफ बड़ोदा, मंडोली रोड से शुरु होकर सबोली चौक, सबोली रेलवे फाटक, मीत नगर 20 फुटा रोड़, मंगल बाजार रोड़, अमर कॉलोनी मेन रोड़, रविदास मंदिर लोनी गोल चक्कर, गोकुल पुर ऑटो स्टेंड, गोकुलपुरी चौक मदर डेयरी और दोपहर बाद बौध विहार, गोकुलपुरी होते हुए अरुण मॉडर्न पब्लिक स्कूल, ब्रिजपुरी मुस्तफाबाद विधानसभा, निर्माणाधीन डिस्पेंसरी, शिव विहार तिराहा, करावल नगर चौक, शेरपुर चौक मेन रोड़ करावल नगर से यात्रा निकलकर भजनपुरा चौक मेन करावल नगर रोड़ जाकर समापन हुआ। देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश में नफरत, समाज और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए जन नायक, सर्वप्रिय नेता राहुल गांधी जी ने जो भारत जोड़ा यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली थी, उसी मकसद को चरितार्थ करने के लिए दिल्ली कांग्रेस पिछले 11 वर्षों से अन्याय झेल रहे दिल्लीवालों को न्याय दिलाने के लिए दिल्ली कांग्रेस दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रही है जिसके पहले चरण में जनता का भरपूर समर्थन मिला और पार्टी के यौद्धाओं व कांग्रेस समर्थकों की यात्रा में भागीदारी के बाद संगठन आज मजबूत स्थिति में खड़ा दिखाई देता है। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा को मिल रहे जनता के समर्थन और प्यार के बाद अहसास हो रहा है कि दिल्ली की जनता अब बदलाव के लिए तैयार है और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हम दिल्ली वालों के दुख, दर्द और परेशानियां का अंत करने में भागीदारी निभाएंगे। श्री यादव के साथ दिल्ली न्याय यात्रा में रणदीप सिंह सुरजेवाला ने चलते हुए सब्जी मार्केट में जाकर लोगों से मिले और मंहगाई पर चर्चा भी की। लोगों ने बताया कि महंगाई अप्रत्याशित बढ़ रही है हमारे धंधे पर अधिक प्रभाव पड़ा है, हमारे साथ खरीदार भी महंगाई की मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महंगाई इस कदर बढ़ रही है कि लोगों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। दिल्लीवाले महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी मार झेल रहे है। सरकार में आते ही केजरीवाल 5 लाख और नरेन्द्र मोदी ने 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था, जो पूरी तरह फेल साबित हुआ।
मुख्यमंत्री रहते हुए केजरीवाल ने युवाओं को रोजगार देने की जगह नशे की ओर धकेल दिया जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने युवाओं को पकोड़े तलने के लिए छोड़ दिया। भाजपा और आम आदमी पार्टी देश और दिल्ली में महंगाई और बेरोजगारी पर नियंत्रण करने में पूरी तरह फेल साबित रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि गंदगी, कूड़े, जगह-जगह नालिया और सीवर की समस्याएं झेल रहे दिल्लीवासी अरविन्द केजरीवाल का उनकी पदयात्राओं में तिरस्कार कर रहे है। लोगों का न्याय यात्रा के प्रति रुझान से दिखाई दे रहा है कि वो कांग्रेस को अपनी जरुरत के रुप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि न्याय यौद्धा दिल्ली के दुख, दर्द को सुनने और परेशानियों को समझने की कोशिश करे।
दिल्ली के हालात को जानने के लिए उनके दिलों को छूने वाली बातें करके उनसे भावनात्मक रुप से जुड़ने की कोशिश करें। दिल्ली की जनता के दिल्ली न्याय यात्रा के साथ जुड़ने के बाद यात्रा ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों के मिल रहे सहयोग और समर्थन के लिए दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा 2025 के विधानसभा चुनाव में एक बड़ा बदलाव लेकर आऐगी।

## फार्माइनोवेट समिट 2024 - गलगोटिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




ग्रेटर नोएडौ। उत्तर प्रदेश, 15-16 नवंबर, 2024 दो दिवसीय फार्माइनोवेट समिट 2024 एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जिसे गलगोटिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित किया गया, इस सम्मेलन में में दवा खोज और वितरण प्रणालियों में नवीनतम प्रगति का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक साथ एक ही मंच पर लाया गया है। 卐बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए दवा की खोज और वितरण में नवाचार के माध्यम से चिकित्सा का भविष्य आकार देने卐 के थीम के तहत, इस कार्यक्रम ने फार्मास्यूटिकल साइंस में नवाचार की भूमिका पर जोर दिया है। जिसका महत्वपूर्ण उद्देश्य वैश्विक स्तर पर रोगियों के उपचार परिणामों में अभूतपूर्व सुधार करना है। यह सम्मेलन 15 नवंबर 2024 को दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू किया गया। जिसमें आज पहले दिन 450 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। जिसमें सुनील गलगोटिया (चेयरमैन), डॉ. ध्रुव गलगोटिया (सीईओ), और डॉ. विक्रम शर्मा (डायरेक्टर) शामिल थे। मुख्य अतिथि डॉ. कार्स्टन माडर, जो जर्मनी के मार्टिन लूथर यूनिवर्सिटी हैले-विटेनबर्ग के फार्मेसी संस्थान में प्रोफेसर हैं, वो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विक्रम शर्मा ने शाल उढाकर और स्मृति-चिन्ह भेंट करके उनका विशेष स्वागत किया। फार्माइनोवेट समिट 2024 के मुख्य आकर्षण-उद्घाटन संबोधन सम्मेलन की शुरुआत डॉ. विक्रम शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों का अवलोकन प्रस्तुत किया और फार्मास्युटिकल नवाचार के भविष्य को आकार देने में अंतर-विषयक सहयोग के महत्व पर जोर दिया।प्रमुख सत्र डॉ. कार्स्टन माडर ने परेंटेरल नियंत्रित रिलीज़ चिकित्सा की आवश्यकताएं, चुनौतियां और नए विकास पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, जो क्रोनिक बीमारियों के प्रबंधन में नियंत्रित रिलीज़ प्रणालियों की भूमिका पर केंद्रित था। जामिया हमदर्द, नई दिल्ली से डॉ. फरहान जलीस अहमद ने दवा वितरण के दृष्टिकोण में रुझान पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने लिपोसोम्स और नैनोपार्टिकल्स जैसी नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। एआईएमएसटी यूनिवर्सिटी, मलेशिया से डॉ. नीरज फुलेरिया ने ऑर्थोमॉलेक्यूल्स और ऑर्थोमॉलेक्यूलर मेडिसिन पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने विटामिन और एमिनो एसिड जैसी प्राकृतिक तत्वों के चिकित्सीय उपयोग पर जोर दिया। सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी, यूएसए से डॉ. केतन पटेल ने अगली पीढ़ी के दवा अणुओं के वितरण के लिए उभरती फॉर्मूलेशन तकनीकें पर बात की, जो रोगी अनुभव और उपचार प्रभावशीलता में सुधार के लिए नए दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल देते हैं। प्लेनरी सत्र और चर्चाएँ डॉ. देवेश तिवारी ने पारंपरिक चिकित्सा की आधुनिक दवा खोज में भूमिका पर प्रकाश डाला। आईएनएमएएस-डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. असीम भटनागर ने दवाओं के व्यावसायीकरण में नवाचारों पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी ऑफ जिनेवा से डॉ. ट्युडर आर्विन्टे ने बायोफार्मास्युटिकल एग्रीगेशन पर केस स्टडीज़ प्रस्तुत कीं, जो दवाओं की प्रभावशीलता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। छात्र और पेशेवर सहभागिता इस समिट ने छात्रों और पेशेवरों को वैश्विक विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने, नवीनतम शोध रुझानों का अनुभव करने और फार्मास्यूटिकल साइंस में करियर के अवसरों की खोज करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया गया। प्रभाव और भविष्य की दृष्टि इस कार्यक्रम ने वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैदानिक परीक्षण, फार्माकोविजिलेंस और नियामक मामलों पर चर्चाओं का आयोजन कर हेल्थकेयर में नवाचार को प्रोत्साहित किया। सम्मानित व्यक्तियों के संदेश - गलगोटियाज विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने सम्मेलन की मेजबानी पर गर्व व्यक्त किया और फार्मेसी के क्षेत्र में नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर डॉ. विक्रम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और सम्मेलन की सफल आयोजन की सराहना की।

## आप के पूर्व विधायक हाजी इशराक खान ने थामा कांग्रेस का हाथ



नई



दिल्ली । दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आम आदमी पार्टी के सीलमपुर से पूर्व विधायक हाजी इशराक खान को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया। हाजी इशराक खान के साथ इकराम हसन ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। श्री यादव ने कहा कि 2015-20 तक सीलमपुर से विधायक रहे इशराक खान का कांग्रेस की नीतियों में विश्वास व्यक्त करके कांग्रेस का हाथ थामने के बाद पार्टी मजबूत होगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा कांग्रेस सचिव प्रभारी दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, डॉ. नरेन्द्र नाथ, मीडिया चेयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, बाबरपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, निगम पार्षद और बाबरपुर जिला उपाध्यक्ष हाजी जरीफ मुख्य रुप से मौजूद थे। कांग्रेस पार्टी का दामन थामने के बाद हाजी इशराक खान ने कहा कि मैं दिल्ली और देश में कांग्रेस पार्टी की नीतियों में पूर्ण विश्वास रखकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जनता के हितों और अधिकारों के लिए जारी संघर्ष से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ हूं। मैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की दिल्ली में लोगों, अल्पसंख्यक, दलितों व गरीबों की समस्याओं और परेशानियों को सुनने और समझने के लिए जिस तरह काम कर रहे है मैं यादव जी कार्यशैली से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में सीलमपुर की जनता के कल्याण और हितों के लिए कांग्रेस का सिपाही बनकर काम करूंगा। मैं कांग्रेस नेतृत्व को मायूस नही होने दूंगा और पार्टी लाईन पर चलकर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद बहुत कुछ बदलने वाला है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हाजी इशराक खान ने विधायक रहते हुए सीलमपुर विधानसभा में जन प्रतिनिधि के रुप में रहते हुए क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए अनेकों काम किए। दो बार हज कमेटी के चेयरमैन रहते हुए अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए काम किए। बेदाग राजनीति से पहले हाजी इशराक खान सामाजिक सेवा के जरिए लोगों के लिए काम करते थे। मुझे विश्वास है कि इनके पार्टी में शामिल होने के बाद आने वाले समय में दिल्ली की बेहतरी के लिए कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा, सब साथ मिलकर दिल्ली में बदलाव के लिए काम करेंगे। मैं विश्वास दिलाता हूं कि कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद हाजी इश्राक खान को पूर्ण सहयोग करके उनके अनुभव को कांग्रेस पार्टी अहमियत के तौर पर संगठन में जगह देगी। वहीं हारुन यूसूफ ने कहा कि आज देश जिस दौर से गुजर रहा है और नफरती ताकतें कांग्रेस को कमजोर करने की लगातार कोशिश कर रही है। हाजी इशराक खान के कांग्रेस में शामिल होने से उनके मुंह पर तमाचा लगा है। आज हज कमेटी, उर्स कमेटी, उर्दू अकादमी सहित शिक्षण संस्थानों में जिस तरह से अनदेखी हो रही है उससे साबित हो गया है कि अरविन्द केजरीवाल भी आरएसएस की बी टीम के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिक्ख, मुस्लिम, दलित, जैन, बौद्ध सभी की भावना को समझती है। पूरा देश एक है सभी देशवासी एक है।

## नवनियुक्त मेयर से गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने की मांग - थान सिंह यादव

नई दिल्ली । दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में आप पार्टी के कुछ पार्षदों द्वारा अपनी पार्टी के खिलाफ वोट देने पर उनका आभार व्यक्त किया है। यह कदम गांवों के हाउस टैक्स माफी और ग्रामीण हितों की उपेक्षा के खिलाफ एक अहम संदेश है। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने इसे गांवों, गरीबों और किसानों के पक्ष में उठाया गया साहसिक कदम बताया। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी के ग्रामीण पृष्ठभूमि के पार्षदों से आग्रह किया था कि वे मेयर चुनाव में अपनी पार्टी के पार्षद को वोट ना दे, क्योंकि निवर्तमान में शैली ओबराय ने गांवो को हाउस टैक्स से मुक्त करने का वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने आप पार्टी के सभी पार्षदों और विधायकों से आग्रह किया कि वे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबरॉय द्वारा किए गए वादे—गांवों के हाउस टैक्स माफ करने—को नवनियुक्त मेयर से जल्द पूरा कराने के लिए आगे आएं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि यदि नवनियुक्त मेयर और सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करते हैं, तो आगामी चुनाव में इसके खिलाफ भारी मतदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि दिल्ली देहात के गरीब ग्रामीण किसानों की मांगों को पूरा कराने के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाया जाएगा। ग्रामीणों की मुख्य मांगें-गांवों को हाउस टैक्स से मुक्ति- दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों को हाउस टैक्स से मुक्त किया जाए। भवन उपनियम से बाहर- गांवों को नगर निगम के भवन उपनियमों से बाहर किया जाए। व्यावसायिक श्रेणी में नोटिफिकेशन- रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में अधिसूचित किया जाए।
बुक की गई संपत्तियों को फ्री किया जाए। युवाओं को रोजगार- नगर निगम की सेवाओं में 100% आरक्षण के साथ युवाओं को नौकरियां दी जाएं। बारातघर का प्रावधान- हर गांव में बारातघर बनाए जाएं।

# एसपी एडिशनल एसपी ने पुलिस बल के साथ कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 2024 से कुशल संपन्न कराने को लेकर घुड़सवारी से शरारती तत्वों पर रखी पैनी नजर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**गुलफाम सैफी**

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र के रेतीले मैदान में मोक्षदाय ने पतित पावनी गंगा मैया के तट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान 2024 तंबू नगरी मेले की निगरानी करने के लिए जहां 600 ड्रोन कैमरो की नजर से शरारती तत्वों पर पहली नजर रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार सर्चिंग की जा रही है।
वहीं एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने पुलिस बल के साथ से कुशल संपन्न कराने को लेकर मेले में शरारती तत्वों पर घुड़सवारी के साथ पैनी नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश।

# हापुड़ देहात पुलिस ने युवक को गोली मारने के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को दो तमंचे दो जिंदा कारतूस सहित किया गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**गुलफाम सैफी**

हापुड़। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव श्यामपुर में 11 अक्टूबर को हथियारबंद बाइक सवार लोगों ने पूर्व हुए दर्ज मुकदमे में फैसले का दबाव बनाने को लेकर फायरिंग कर युवक को गोली मारने के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। बता दें कि हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी सेंसर पाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को घर पर दुर्गा पूजा चल रही थी।जिसमें रिश्तेदार और परिचित भी शामिल थे। इसी दौरान दोपहर को दो बाईकों पर सवार गांव के ही शुभम,जयविद, विनोद, व एक अन्य अज्ञात नकाबपोश घर के बाहर पहुंचे। और पूर्व में कुछ लोगों के विरुद्ध दर्ज कराए गए। मुकदमे में फैसला करने को लेकर धमकी देते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें सेंसेरपाल के बेटे के कुल्हे और जांघ में गोली लगी थी। वही इस मामले को लेकर को सिटी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि जरौठी के मनीष मौहल्ला शिवनगर के पिंकू शर्मा बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोहरा आलमगीरपुर के देवेंद्र ने फायरिंग करने वाले आरोपियों से मिलकर षड्यंत्र के तहत घटना को अंजाम दिया था। जिसमें वांछित चल रहे। तीन लोगों को दो तमंचे दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

# जिला प्रशासन की यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से हुई धराशायी जाम ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**गुलफाम सैफी**

गढ़मुक्तेश्वर। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला जिला प्रशासन के द्वारा से कुशल संपन्न तो कर दिया गया। लेकिन मिला संपन्न होने पर अपने अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करने के लिए दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब नेशनल हाईवे पर जाम को लेकर सारे रिकॉर्ड हुए ध्वस्त। बता दे की जिला प्रशासन की अवसर शाही टीम के द्वारा सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 2024 सकुशल हुआ संपन्न। लेकिन मेला संपन्न होने पर दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं ने जैसे ही घर की तरफ प्रस्थान करना शुरू कर नेशनल हाईवे पर जाम के झाम में फंस गए। यहां तक की 3 किलोमीटर लंबा जाम लगने के चलते इस 3 किलोमीटर के टुकड़े को पार करने में 6 घंटे का लगा समय जाम में फंसे दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं में मचा त्राहीमाम त्राहिमाम। मेला संपन्न होने पर यातायात पुलिस ने अपनाया ढुलमुल रवैया और यातायात व्यवस्था चरमरा गई। सूत्रों की माने तो ठीक यही हाल हुआ था बीती रात्रि तीर्थ नगरी ब्रजघाट में गंगा जी पर जाने वाले यातायात पुलिस के द्वारा सभी कट बंद किए हुए थे। दूसरी साइड में गंगा जी की तरफ प्रवेश करने के लिए लोगों को 4 किलोमीटर लोगों को जाम के



झाम में फंस कर कबीरपुर कट से यूटर्न लेकर गंगा जी आना पड़ा।

# समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वाधान से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल परियोजना

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**गुलफाम सैफी**

जनपद हापुड़ की तीर्थ नगरी गढ़ मुक्तेश्वर में गंगा स्नान के पावन अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर मेले में बाल यौन शोषण से बचाव और पोक्सो एक्ट 2012 पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया संस्था की मैनेजर श्रीमती दीपा रानी और उनकी सहयोगियों द्वारा बाल यौन उत्पीड़न से जागरूकता का कार्यक्रम निम्न समूहों के लिए किया गया था 1.राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन 2. हापुड़ पुलिस. 3. स्नानार्थी समूह ।वहाँ पर उपस्थित सभी लोगों को जानकारी बहुत महत्वपूर्ण लगी । कई लोगों ने अपने गाँव के स्कूलों में आमंत्रित किया है ।सभी को वर्कशॉप पसंद आई और उन्होंने संस्था के द्वारा किया जा रहे कार्यों की सराहना की इसके अलावा हापुड़ पुलिस स्टाफ और अन्य लोगों को सतर्क रहे- सुरक्षित रहे पुस्तक के विषय मे जानकारी दी गई और पुस्तक सप्रेम भेट की।






# दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया





नई दिल्ली । सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आज पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंध अंतर्गत विभिन्न गुरुद्वारा साहिबानों में गुरमति समागम आयोजित किए गए, जहां अमृत वेले से ही संगतों ने बड़ी संख्या में नतमस्तक होकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य कार्यक्रम भाई लखी शाह वंजारा हॉल, गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में हुआ, जहां रागी सिंहों ने गुरु की इलाही कीर्तन के रसभरे सुरों से संगतों को निहाल किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं से समाज से अज्ञानता का अंधकार दूर किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने सबसे पहले यह उपदेश दिया कि अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे... जिसका अर्थ है कि परमात्मा एक है और सभी उसी की रौशनी से उपजे बंदे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने सार्वभौमिक एकता की बात की और सभी को आपस में एकजुट होकर भलाई का सिद्धांत सिखाया। गुरु साहिब ने किरत करो, नाम जपो और वंड छको का सिद्धांत दिया और स्वयं करतारपुर साहिब की पवित्र धरती पर 18 साल खेती करके यह बताया कि हमारे लिए अपने हाथों से मेहनत करना सबसे पहले है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में न कोई साधन था और न ही कोई मार्गदर्शन, उस समय गुरु नानक देव जी ने चार उदासियां करके 34,000 किलोमीटर की यात्रा तय कर समाज को परमात्मा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जहां भी गए, उन्होंने गुरबाणी की रचना की, दीवान सजाए और दुनिया को सच्चाई का रास्ता दिखाया। चाहे वह वली कंधारी हो या सज्जन ठग, सभी गुरु के सिख बने।
कार्यक्रम में उपस्थित दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को संबोधित करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने यह भी कहा कि आज के युग में सिख समुदाय के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे बंदी सिंह जेलों में बंद हैं और सरकारें हमारी बात नहीं सुन रही हैं, चाहे वह केंद्र सरकार हो, दिल्ली सरकार हो या पंजाब सरकार। उन्होंने कहा कि बंदी सिंहों ने भावनात्मक तौर पर बहकर अपनी कौम के लिए बदला लेने के काम किए, लेकिन आज सजाएं पूरी होने के कई वर्षों बाद भी उन्हें जेलों में कैद रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने किया। समारोह में अन्य प्रमुख सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक हस्तियों के अलावा दिल्ली कमेटी के अधिकारी और सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# संविधान को नष्ट करना चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदी- राहुल गांधी का आरोप

बेरमो । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर संविधान को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। झारखंड के बोकारो जिले के बेरमो में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी गरीबों के लिए नहीं, बल्कि अरबपतियों के कल्याण के लिए काम करते हैं। संविधान की एक प्रति दिखाते हुए उन्होंने कहा, ''संविधान देश की आत्मा है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि यह अंदर से खाली है। इसे देखिए, इसमें लिखा हुआ है। वह कहते हैं कि राहुल लाल किताब दिखाते हैं; इसकी विषय-वस्तु महत्वपूर्ण है, रंग नहीं।'' भाजपा कांग्रेस नेता पर हाल में महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम में खाली पन्नों वाली संविधान की 'नकली' प्रति दिखाने का आरोप लगा रही है। रैली में गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी संविधान को नष्ट



करना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत ऐसा नहीं कर सकती।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी देश के अरबपतियों के कल्याण के लिए काम करते हैं और संस्थानों, कॉलेजों, उद्योगों, अस्पतालों और बंदरगाहों का निजीकरण करते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''उन्होंने देश की संपत्ति 25 पूंजीपतियों को सौंप दी।
प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीब लोगों, किसानों और दलितों के लिए कुछ नहीं किया।'' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी और नोटबंदी के जरिए देश के युवाओं को बेरोजगार कर दिया। गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो जाति जनगणना कराएगी और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएगी।
उन्होंने दावा किया, ''अगर हम झारखंड में सत्ता में आते हैं तो हम एसटी का आरक्षण मौजूदा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत, एससी का आरक्षण मौजूदा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और ओबीसी का आरक्षण मौजूदा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करेंगे।''

# हिंगोली में मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की गई, स्वस्थ चुनाव प्रणाली में सभी योगदान दें - शाह

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव प्रचार के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर की जांच की। उन्होंने सभी से स्वस्थ चुनाव प्रणाली में अपना योगदान देने की अपील भी की। इस जांच से जुड़ा एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास रखती है और निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करती है। उन्होंने कहा, ''आज महाराष्ट्र के हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों के द्वारा मेरे हेलीकॉप्टर की जांच की गई। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास रखती है और माननीय चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है।'' उन्होंने कहा, ''एक स्वस्थ चुनाव प्रणाली में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए और भारत को विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाए रखने में अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए।'' शाह की ओर से साझा किये गये वीडियो में देखा जा सकता है कि निर्वाचन अधिकारी उनके हेलीकॉप्टर की जांच कर रहे हैं । ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले लातूर और यवतमाल जिलों में पहुंचने के बाद निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के एक 'बैग' की जांच की थी। ठाकरे ने इस जांच से संबंधित वीडियो साझा करते हुए पूछा था कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेताओं पर भी उनके चुनाव प्रचार के दौरान यही नियम लागू किया जायेगा।
इस घटना के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'बैग' की भी जांच की गई थी।

# एक परिवार, एक पार्टी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासियों के योगदान की अनदेखी की गई - मोदी

जमुई । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया, ताकि ''केवल एक पार्टी और एक परिवार को श्रेय मिल सके।''
वह महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार की राजधानी पटना से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के खैरा गांव में 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ''आज जब हम जनजातीय गौरव वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं तब यह समझना भी बहुत जरूरी है कि आयोजन की आवश्यकता क्यों हुई। यह इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया जिसका मेरा आदिवासी समाज हकदार था।'' मोदी ने कहा, ''आदिवासी समाज वह है, जितने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वह है, जिसने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया लेकिन आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के इस अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए।'' उन्होंने पूछा कि अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी। प्रधानमंत्री ने आजादी की लड़ाई में देश के आदिवासी समाज के लोगों की चर्चा करते हुए कहा कि क्या उन शूरवीरों को कोई भुला सकता है। उन्होंने कहा, ''संस्कृति हो या फिर सामाजिक न्याय, आज की राजग सरकार का मानक कुछ अलग ही है। मैं इसे भाजपा ही नहीं, बल्कि राजग का सौभाग्य मानता हूं कि हमें द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाने का अवसर मिला। वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। मुझे याद है कि जब राजग ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना तय किया तो हमारे नीतीश बाबू ने अपील की थी कि मुर्मू को भारी मतों से जिताया जाना चाहिए।'' मोदी ने कहा, ''आज पीएम-जनमन योजना के तहत अनेक काम शुरू हुए हैं उसका श्रेय भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को ही जाता है। जब वह झारखंड की राज्यपाल थीं और फिर जब वह राष्ट्रपति बनीं तो उन्होंने अकसर मुझसे आदिवासियों में भी अति पिछडी जनजातियों का जिक्र किया।'' उन्होंने कहा, ''इन अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियों की पहले की सरकारों ने कोई परवाह ही नहीं की थी। इनके जीवन से मुश्किलें कम करने के लिए ही 24,000 करोड़ रुपये की पीएम- जनमन योजना शुरू की गई। पीएम जनमन योजना से देश की सबसे पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों का विकास सुनिश्चित हो रहा है। आज इस योजना को एक साल पूरा हो रहा है। इस दौरान हमने अति पिछड़ी जनजातियों को हजारों पक्के घर दिए। पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों को जोड़ने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की सड़कों पर काम शुरू हो चुका है। पिछड़ी जनजातियों के सैकड़ों गांव में हर घर नल से जल पहुंचा है।'' मोदी ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा मोदी उनको पूजता है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के रवैये के कारण आदिवासी समाज दशकों तक मूल सुविधाओं से वंचित ही रहा। अपनी सरकार द्वारा आदिवासी और जनजाति समाज के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि आदिवासी कल्याण हमेशा से राजग सरकार की प्राथमिकता रहा है और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ही थी जिसने आदिवासी कल्याण के लिए अलग मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा, ''10 साल पहले आदिवासी क्षेत्रों, आदिवासी परिवारों के विकास के लिए बजट 25,000 करोड़ रुपये भी कम था। हमारी सरकार ने इसे पांच गुना बढ़ाकर सवा लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया है। अभी कुछ दिन पहले ही देश के 7,000 से अधिक आदिवासी गांवों के विकास के लिए एक विशेष योजना 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' हमने शुरू किया है। इसके तहत करीब 80,000 करोड़ रुपये आदिवासी गांवों के लिए खर्च किए जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि वह यह जानकारी भी देना चाहते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती



के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। मोदी ने कहा, ''बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन में 500-1000 वृक्ष लगाए जाएंगे। मुझे पूरा भरोसा है इसके लिए सभी का साथ मिलेगा, सबका सहयोग मिलेगा।'' उन्होंने कहा, ''भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उत्सव हमें बड़ी संकल्पना तय करने की प्रेरणा देता है। हम मिलकर देश के आदिवासी विचारों को नए भारत के निर्माण का आधार बनाएंगे। हम मिलकर आदिवासी समाज की विरासत को सहेजेंगे। हम मिलकर उन परंपराओं से सीखेंगे जो सदियों से आदिवासी समाज ने संरक्षित कर रखी हैं। ऐसा करके ही हम सही मायने में एक सशक्त समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण कर पाएंगे।'' समारोह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

# सिम्स हॉस्पिटल ने डायबिटीज दिवस पर जागरुकता हेतु लगाया निःशुल्क कैम्प

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



मथुरा। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस सिम्स हॉस्पिटल ने डायबिटीज दिवस पर समाज को मधुमेह के प्रति जागरुक करने के लिए एक डायबिटीज हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। इस डायबिटीज कैम्प में इंटरनल मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नितिन चौहान ने 80 से भी अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके साथ ही निःशुल्क डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि की जांचे भी निःशुल्क की गईं। इस अवसर पर इंटरनल मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नितिन चौहान ने डायबिटीज दिवस पर निःशुल्क कैम्प की सराहना की।साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन शामिल करें और चीनी का कम उपयोग करें। यदि आपकी डायबिटीज अधिक है तो तत्काल सिम्स हॉस्पिटल में डायबिटीज विशेषज्ञ से परामर्श करें। इस अवसर पर सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि डायबिटीज दिवस पर लोगों ने निःशुल्क कैम्प में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सिम्स हॉस्पिटल समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए संकल्पित है।

# बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। एलायंस क्लब हापुड़ गौरव के तत्वावधान में यहां रेलवे रोड स्थित सिटी प्लाजा में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिवस पर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य स्कूली बच्चों की ड्रेस में आए थे । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। संस्था की अध्यक्ष मधु गर्ग ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं । बच्चे ही आने वाला कल हैं । कोषाध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम सभी बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण प्रदान करें जिससे बच्चे देश को बेहतर सेवा प्रदान करें। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आराधना बाजपेई ने कहा कि बच्चे और देश का भविष्य एक दूसरे पर निर्भर करता है।बच्चे किसी भी देश की बहुमूल्य सम्पत्ति होते हैं।बच्चोंको राष्ट्र के उन्नयन में महत्वपूर्ण माना जाता है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सिमरन गोयल ने कहा देश को सही रास्ते पर चलाने के लिए युवाओं का बड़ा योगदान होता है। अनीता गुप्ता ने कहा कि इस भव्य समारोह से हम सभी लोगों को बचपन के स्कूली दिनों की याद आ गई। अर्चना कंसल ने कहा बच्चों का भोलापन हम सभी को भाता है। हम सभी को यह सीख बच्चों से लेनी चाहिए। इस अवसर पर मधु गर्ग,पारुल अग्रवाल,डा आराधना बाजपेई,भावनीता,दीपाली मित्तल,सुषमा खन्ना, सिमरन गोयल,कुसुम गोयल, अर्चना कंसल,पूनम करनवाल,रजनी बंसल,निशा जैन,अनीता गुप्ता,उर्मिला शर्मा, उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने जाने वालों की सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे पुलिसकर्मी मोबाइल में मशगूल आए नजर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**गुलफाम सैफी**

गढ़मुक्तेश्वर। जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा ऐड़ी चोटी का जोर लगाने के बावजूद कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को मोबाइल में देखा गया मशगूल कानून सुरक्षा व्यवस्था चलती रही राम भरोसे। जाम लगने के चलते वहां रेंगते रहे चींटी की चाल। शुक्रवार को बक्सर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भी यही है हाल। हाय रे मोबाइल ना खाने देता है ना सोने देता है ना नहाने देता है ना ड्यूटी करने देता है। ऐसा ही नजारा देखने को मिला कार्तिक पूर्णिमा मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी पर तैनात शुक्रवार को लगने वाले बाजार में पुलिस कर्मियों का जहां सुरक्षा व्यवस्था बनाने के बजाय मोबाइल में मशगूल नजर आ रहे हैं। बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत जिला प्रशासन के द्वारा कड़ी मशक्कत की जा रही है और साथ ही यातायात सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी जगह-जगह लगाई हुई है। लेकिन कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कायम नहीं रखने के चलते शुक्रवार के बाजार में अवस्थाओं का दौर देखा गया। जो व्यवस्था बनाने के बजाय अपनी कुर्सियों पर बैठे मोबाइल में मस्त नजर आए। और श्रद्धालुओं का आवागमन राम भरोसे चल रहा है।

# ग्रामीणों ने रतुपुरा राशन डीलर पर फिंगर प्रिंट लगवा कर दो माह का राशन डकारने के लगाए गंभीर आरोप

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस गुलफाम सैफी**

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र में राशन डीलरों की हठधर्मिता और घटौली थमने का नाम नहीं ले रही है। क्षेत्र में राशन डीलरों के द्वारा घटिया क्वालिटी के सर्फ, साबुन,नमक, उपभोक्ताओं को जबरन देने का सिलसिला चल रहा है। तो वही अपनी मनमानी के चलते इलेक्ट्रिक कांटे पर बांट एवं खाद्य सामग्री रखकर घटौली करने का यह नया तरीका शुरू किया गया है।बता दें कि क्षेत्र में राशन डीलरों के द्वारा जबरदस्ती सर्फ,तेल साबुन दिए जा रहे हैं। जो इन सामानों को लेने से इनकार करता है उसको राशन भी नहीं दिया जा रहा है। जिसमें राशन डीलर पर ग्रामीणों के द्वारा गंभीर आरोप लगाते हुए बताया गया है कि दो माह का राशन देने को लेकर राशन डीलर के द्वारा उनके अंगूठे फिंगरप्रिंट मशीन में ले लिए गए हैं।
और उनको दो माह का राशन नहीं दिया गया है। जिसको लेकर पीड़ित ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर एवं आपूर्ति निरीक्षक को शिकायत की थी। जिसको लेकर रतुपुरा के राशन डीलर के द्वारा राशन वितरण पर रोक लगाने के साथ राशन वितरण करने का जिम्मा पड़ोसी गांव रझैडा के राशन डीलर को सोपा गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने दूसरे गांव में जाने पर होने वाली परेशानियों का बखान करने के साथ राशन डीलर की जांच कर अधिकारियों से गांव में ही राशन वितरण करने की मांग की है।सूत्रों की माने राशन डीलर दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है। यदि उसके विरुद्ध कोई आवाज उठाने की कोशिश करता है तो वह उसको झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने तक की भी धमकी देता है।इन सभी तथ्यों के मद्देनजर ग्रामीणों ने राशन डीलर की जांच कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।